श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 251, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 07 अक्टूबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

### सोनिया गांधी कर्नाटक के मंड्या में पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुई, महिला नेताओं ने सोनिया गांधी का हाथ थामा

# भारत जोड़ो मिशनः मां-बेटे ने किया कदमताल





**बेंगलुरुः** कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी कर्नाटक के मंड्या में पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं। राहुल ने कंधे पर हाथ रखकर मां का स्वागत किया। इसके बाद यात्रा में मौजूद महिला नेताओं ने सोनिया गांधी का हाथ थाम लिया। करीब 15 मिनट तक पैदल चलने के बाद राहुल ने सोनिया को वापस कार में भेज दिया। हालांकि, कुछ देर आराम करने के बाद सोनिया फिर से पैदल यात्रा में शामिल हो गईं। सोनिया एक महीना पहले ही कोरोना से उबरी हैं। अभी उनका स्वास्थ्य पूरी तरह से ठीक नहीं हुआ है।

**कांग्रेस का दक्षिण कनेक्शनः** कर्नाटक से सोनिया गांधी का गहरा संबंध है। जब कभी गांधी परिवार पर राजनीतिक संकट आया है, तब दक्षिण भारत ने उसे मुश्किल से उबारा है। भारत की दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी दक्षिण भारत की सीटों से लोकसभा चुनाव लड़ा है। इमरजेंसी की बाद जब इंदिरा गांधी की सरकार चली गई थी तो 1980 में जब उन्हें एक सुरक्षित लोकसभा सीट की जरूरत थीं। ऐसे में उन्होंने कर्नाटक के चिकमंगलूर से चुनाव लड़ा था। इंदिरा गांधी ने आंध्रप्रदेश के मेंडक और वढ के राय बरेली से नामांकन दाखिल किया था। हालांकि, बाद में उन्होंने राय बरेली की सीट छोड़ दी।

**सोनिया और राहुल की भी ढाल है दक्षिणः** सोनिया गांधी ने भी कर्नाटक के बेल्लारी सीट से चुनाव लड़ चुकी हैं। 1999 के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी को वढ की अमेठी सीट से हारने का डर था। ऐसे में उन्होंने बेल्लारी से नामांकन दाखिल किया और अपने नामांकन को लेकर गोपनीयता रखने की कोशिश की। हालांकि बीजेपी को यह बात पता चल गई और उन्होंने सोनिया के खिलाफ सुषमा स्वराज को मैदान में उतार दिया। सुषमा स्वराज इस सीट से 56 हजार के वोटों से हार गई थीं। यही नहीं जब 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को लगा कि वो अमेठी से चुनाव हार जाएंगे तो उन्होंने केरल के वायनाड से चुनाव लड़ा।

**हम प्यार फैलाने निकले हैंः** कर्नाटक के मैसूर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने बारिश के बीच जनसभा को संबोधित किया। गांधी जयंती के मौके पर जब पूरे दिन की यात्रा के बाद राहुल लोगों को संबोधित करने के लिए मंच की तरफ बढ़े तो बारिश होने लगी। इस मौके पर राहुल ने बारिश रुकने का इंतजार नहीं किया। भीगते हुए उन्होंने भाषण जारी रखा।

## डीके शिवकुमार को ईडी का समन

**कर्नाटकः ईडी ने कर्नाटक** कांग्रेस के चीफ डीके शिवकुमार और उनके भाई को ईडी ने समन जारी किया है। डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश सांसद हैं। दोनों भाइयों को यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में आर्थिक योगदान के लिए प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से यह सम्मन जारी हुआ है। शिवकुमार और उनके भाई डीके सुरेश को ईडी द्वारा तलब किए जाने पर राज्य कांग्रेस प्रमुख डीके शिवकुमार ने



कहा- 'मैंने ईडी के सामने पेश होने के लिए समय मांगा था जिसे अस्वीकार कर दिया गया। मैं अपने नेताओं के साथ चर्चा करूंगा और फोन करूंगा।'

हम राज्य में सत्ता में आ रहे हैं- सोनिया गांधीः कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी कर्नाटक में गुरुवार को भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी के साथ पदयात्रा भी की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, डीके शिवकुमार ने इस मौके पर कहा - 'विजयादशमी के बाद कर्नाटक में विजय होगी। हमें गर्व है कि सोनिया गांधी कर्नाटक की सड़कों पर घूमने आई हैं। हम राज्य में सत्ता में आ रहे हैं और बीजेपी अपनी दुकान बंद करने की राह पर है।'

# नंदी, भोले, गौरी और श्यामा को योगी का दुलार

### गोरखनाथ मंदिर में गायों संग वक्त गुजारे, अपने हाथों से खिलाया गुड़-चना

**गोरखपुरः** गोरखपुर में सीएम योगी ने तंदुए के शावक को गोद में लेकर दूध पिलाने का वीडियो सामने आने के बाद एक बार फिर गुरुवार को गौ प्रेम दिखाई दिया। सीएम ने गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में गौसेवा की। गाय, बैल, बछडों को उनके नाम से (नंदी, भोले, गौरी, श्यामा आदि) बुलाया और दुलारकर अपने हाथों से गुड़-चना खिलाया। सीएम योगी का दुलार देख ये गौवंश भाव विह्वल और निहाल दिखे।

**जयपुर रवाना हुए सीएम योगीः** दरअसल, दशहरा के पारंपरिक कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए रविवार शाम से गोरखनाथ मंदिर में प्रवास कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार सुबह जयपुर रवाना हो गए। गुरुवार को जयपुर



में स्मृतिशेष पंचखण्ड पीठाधीश्वर आचार्य धर्मेंद्र की श्रद्धांजलि सभा और उनके उत्तराधिकारी की चादरपोशी के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

**गुरू गोरक्षनाथ का लिया आशीर्वादः** इससे पहले उन्होंने गुरुवार सुबह शिवावतारी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेका। इसके बाद मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला पहुंचे। गायों, बैलों और बछडों को एक-एक कर उनके नाम से पुकारा। योगी की आवाज पर गोवंश झूमते हुए उनके पास चले आए। सीएम ने उन्हें अपने हाथों से गुड़-चना खिलाया, उनके मुख को प्यार से सहलाया।

## पर्यटन की आड़ में अवैध गतिविधियां बर्दाश्त नहीं : धामी

**नैनीतालः** मुख्यमंत्री ने नैनीताल में कहा कि राज्य में निवेश एवं उद्योग धंधे बढ़ाने पर कार्य जा रहा है। इसके अलावा परंपरागत कृषि को बढ़ावा देने की मौजूदा संभावनाओं का पूरा दोहन करने पर कार्य करने की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन की आड़ में अवैध गतिविधियां किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कही।

## तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा भारतः जयशंकर



**आकलैंडः** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत वैक्सीन के सबसे बड़े निमार्ताओं में से एक है। भारत अपने देशवासियों को टीका लगाने के साथ ही अन्य देशों की भी मदद की है। उन्होंने आकलैंड सामुदायिक व्यवसाय को संबोधित करते हुए कहा, 'करोना महामारी के दौरान हम टीकों के सबसे बड़े निमार्ताओं में से एक थे और आज भी हैं। महामारी के दौरान जब हम अपने लोगों को वैक्सीन लगा रहे थे उसी दौरान हमने दूसरों की भी मदद करने का निर्णय लिया। हमने सबसे पहले उन देशों को प्राथमिकता दी जिनके पास मुफ्त वैक्सीन की सुविधा नहीं थी।' विदेश मंत्री ने कहा कि 1970 और 1980 के दशक में प्रमुख निर्णय जी-7 देशों के द्वारा लिए जाते थे, लेकिन समय के साथ इसमें बदलाव हुआ और इसका केंद्र जी-20 देशों की ओर स्थानांतरित हो गया। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और इस दशक के अंत तक इसको दुनिया के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है।

**विश्व में दोहरे मापदंड का चलन पुरानाः** उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विश्व रूस-यूक्रेन युद्ध से ग्रसित है। उन्होंने अफगानिस्तान में तालिबान के अधिग्रहण को भी एक बड़ा मुद्दा बताया। दुनिया में दोहरे मापदंड और भारत की स्थिति पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दोहरे मापदंड का चलन पुराना है।

## मुलायम सिंह की हालत नाजुक

**लखनऊ/गुरूग्रामः गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती समाजवादी** पार्टी (सपा) के संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की हालत नाजुक बनी हुई है। यह जानकारी अस्पताल ने गुरुवार को उनके हेल्थ बुलेटिन में दी। सपा संरक्षक के स्वास्थ्य को लेकर अखिलेश यादव लगातार अस्पताल में बने हुए हैं। मेदांता अस्पताल ने मुलायम सिंह यादव के स्वास्थ्य को लेकर आज एक बुलेटिन जारी किया है, जिसमें बताया है कि उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। उनका आईसीयू में इलाज चल रहा है। वह विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में अभी भी जीवन रक्षक प्रणाली पर हैं। अस्पताल की ओर से जारी बुलेटिन के दौरान अखिलेश यादव वहां पर मौजूद हैं और पिता के सेहत को लेकर लगातार डॉक्टरों से बातचीत और हालचाल ले रहे हैं। परिवार के अन्य सदस्य भी नेताजी की सेहत सुधार को लेकर चिंतित हैं। वहीं पार्टी व देशभर में उनके शुभचिंतकों द्वारा हवन-पूजन व प्रार्थना कर स्वास्थ सुधार व लम्बी उम्र की कामना की जा रही है।



## 'एयर फोर्स डे पर वायु सेना बदलेगी 'लड़ाकू वर्दी'

**चंडीगढ़ः** इस बार भारतीय वायु सेना का 90वां स्थापना दिवस कई मामलों में यादगार होगा। यह पहला मौका होगा जब वायु सेना 08 अक्टूबर को 'एयर फोर्स डे' राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के हिंडन एयरबेस से बाहर चंडीगढ़ में मनाएगी। इस मौके पर वायु सेना प्रमुख 'लड़ाकू वर्दी' के नए डिजिटल पैटर्न का अनावरण करेंगे। इस बार का कार्यक्रम दो हिस्सों में रखा गया है, यानी परेड सुबह और फ्लाईपास्ट शाम को सुखना झील के किनारे होगा। हवाई प्रदर्शन में 83 लड़ाकू, परिवहन विमान और हेलीकॉप्टर भाग लेंगे। स्वदेशी हल्का लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' भी अपनी ताकत का पहला सार्वजनिक प्रदर्शन करेगा। ग्रुप कैप्टन ए राठी




के अनुसार वायु सेना दिवस की परेड और फ्लाईपास्ट पहली बार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से बाहर चंडीगढ़ में सुखना झील के किनारे होगी। फ्लाईपास्ट में एवरो, डोर्नियर, चेतक और चीता हेलीकॉप्टर को छोड़कर लड़ाकू राफेल, सुखोई-30, मिराज-2000, जगुआर, कार्गो सहित 80 विमान और हेलीकॉप्टर भाग लेंगे। 03 अक्टूबर को बेड़े में शामिल किया गया स्वदेशी हल्का लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' भी तीन फाइटर जेट के बीच अपनी ताकत का पहला सार्वजनिक प्रदर्शन करेगा। इसके अलावा, एमआई-35, एमआई-17, चिनूक, अपाचे, हॉवर्ड और डकोटा जैसे पुराने हेलीकॉप्टर भी हिस्सा लेंगे।

चंडीगढ़ में एयर शो की तैयारियां देख रहे विंग कमांडर इन्द्रनील नंदी के अनुसार ये सभी विमान आकाशगंगा, एनसाइन, एकलव्य, त्रिशूल, मेहर, शमशेर, वज्र सहित विभिन्न फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। फ्लाईपास्ट में सारंग और सूर्यकिरण की टीम आसमान को अपने रंगों से भरने के लिए तैयार है। ग्लोब फॉर्मेशन में सूर्य किरण डिस्प्ले टीम से प्रशिक्षित नौ सी हॉक-132 जेट्स हेवी लिफ्ट एयरक्राफ्ट सी-17 के साथ शामिल होंगे।

### प्रसाद के रूम में बंटी दारू पी, नशे में हम जान ही नहीं पाए, कब पलटा ट्रैक्टर

# 26 मौतों का जिम्मेदार ड्राइवर गिरफ्तार

**कानपुरः** चंद्रिका मइया के मंदिर में मुंडन हुआ, प्रसाद के रूप में दारू बंटी। वहां गांव के झुर्रे, बाने और हम थे। वहां प्रसाद के रूप में दारू पी लिया। इसके बाद साड़ चौराहा पर आकर एक क्वार्टर फिर पी ली। आधी हमको पिला दिया और आधी खुद पी लिया राम शंकर ने।

इसके बाद वहां से चले तो नशे की झोंक में हम जाने नहीं पाएं गाड़ी खंती में कब पलट गई। यह बात किसी और नहीं कानपुर हादसे के दौरान ट्रैक्टर चला रहे कुर्था गांव के राजू निषाद ने अपने कुबूलनामा में पुलिस से कही। उसे अरेस्ट करके जेल भेज दिया।

**ट्रैक्टर ड्राइवर राजू की नशेबाजी ने ली**



**जानेंः** कानपुर के साड़ में 1 अक्टूबर की रात सवारियों भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पानी भरे गड्ढे में पलटने से 26 लोगों की जान चली गई थी। जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक राजू निषाद मौके से भाग निकला था। पुलिस ने हादसे में घायल प्रीति की तहरीर पर राजू निषाद, रामशंकर, प्रहलाद और गौरी ककरा निवासी बाने के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की एफआईआर की थी। पूरा हादसा राजू की नशेबाजी के चलते हुआ था। एसपी आउटर तेज स्वरूप सिंह ने बताया कि पुलिस ने राजू को नहर कॉरिडोर साड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पूछताछ के दौरान राजू ने स्वीकार किया है कि इतनी शराब पी ली थी कि उसे होश नहीं रहा।

**राजू को कड़ी सुरक्षा में रखा गयाः** ट्रैक्टर ड्राइवर राजू की नशेबाजी के चलते हादसा हुआ और गांव के 26 लोगों की मौत हो गई। इसके बाद से राजू फरार चल रहा था। राजू की लापरवाही से आक्रोशित गांव के लोग उसकी तलाश में लगे थे। हादसे में कई परिवार उजड़ गए। किसी के इकलौते बच्चे की मौत हो गई तो किसी ने पत्नी और बच्चों समेत पूरा परिवार खो दिया। ग्रामीणों में इतना आक्रोश था कि उनका कहना था कि राजू मिल गया तो उसकी हत्या कर देंगे। इसके चलते गिरफ्तारी के बाद राजू को कड़ी सुरक्षा में रखा गया।

## मुंबई-गांधीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस भैंसों से टकराई

**नई दिल्लीः** मुंबई सेंट्रल और गांधीनगर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस गुरुवार को भैंसों के झुंड के रेलवे लाइन पर आने से दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में ट्रेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेन के सभी यात्री सुरक्षित हैं। घटना सुबह 11 बजकर 15 मिनट पर हुई जब वटवा और मणिनगर स्टेशनों के बीच चलती ट्रेन के सामने कुछ भैंसें आ गईं। हादसे के चलते करीब 8 मिनट तक रुकी रहने के बाद ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना हुई। भारतीय रेलवे



के प्रवक्ता अमिताभ शर्मा ने घटना के संबंध में कहा कि मुंबई-गांधीनगर वंदे भारत के रास्ते में अचानक 3-4 भैंसें आ गईं, जिससे एफआरपी से बनी नाक क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, कोई कार्यात्मक हिस्सा क्षतिग्रस्त नहीं हुआ।

# डीएम न किया पंवरी में बनाये गये गोशाला का निरीक्षण

## कौंधियारा ब्लाक के पंवरी में बनाये गये गोशाला में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था न पाये जाने तथा वर्मी कम्पोस्ट ठीक से न बनाये जाने पर बीडीओ तथा एडीओ पंचायत से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



कौंधियारा ब्लाक के पंवरी में बनाये गये गौशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री गुरूवार को कौंधियारा ब्लाक के पंवरी में बनाये गये गोशाला का निरीक्षण किया। गोशाला में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था न पाये जाने तथा वर्मी कम्पोस्ट ठीक से न बनाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कौंधियारा ब्लाक की खण्ड विकास अधिकारी मीना सिंह तथा वहां के एडीओ पंचायत अनिल पाल से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने ग्राम प्रधान को भी गोशाला में सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दुरूस्त बनाये रखने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से निराश्रित गोवंशों के टैगिंग किए जाने तथा भूसे के स्टॉक के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि भूसे का पर्याप्त भण्डार है तथा गोशाला में रह रहे निराश्रित गोवंशों की टैगिंग भी करा ली गयी है। उन्होंने वहां पर हरे चारे की भी पर्याप्त व्यवस्था किए जाने के साथ-साथ पानी के निकासी की भी समुचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को नियमित रूप से पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए कहा है। निराश्रित गोवंशों के पीने के लिए पानी की भी समुचित व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि गोशाला में कुल 125 निराश्रित गोवंश संरक्षित है। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आरपी राय, डीडीओ भोलानाथ कनौजिया सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में औचक निरीक्षण मकरते जिलाधिकारी

**जसरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में औचक निरीक्षण करने के लिये प्रयागराज के जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री के पहुंचते ही अस्पताल में अफरा तफरी मच गई। सबसे पहले डीएम शल्य चिकित्सा कक्ष में जाकर निरीक्षण किया। दोनों वार्डों के साथ ओटी,लेबर रूम का निरीक्षण किया। लेबररूम आधुनिक तकनीक द्वारा बनाया गया है। लेकिन लेबररूम में बच्चा पैदा होने के बाद जच्चा बच्चा को अस्पताल से घर के लिए कुछ घंटों बाद भेज दिया जाता है। इसके लिए सीएचसी अधीक्षक डा०तरुण पाठक से 48 घंटे बाद ही डिलेवरी के बाद अस्पताल से मरीजों को डिस्चार्ज करने को कहा। खून जांच केन्द्र पर एलटी द्वारा एक भी मरीजों का टीएलसी डीएलसी की जांच नहीं किया जा रहा है। मैंने अधीक्षक से कहा कि दस दिन का प्रतिदिन की जांच रिपोर्ट भेजने को कहा। वहीं औषधि भंडारण कक्ष में औषधियों के रख रखाव के साथ ही दवाओं की उपलब्धता की जानकारी अधीक्षक से पूंछा। जिस पर अधीक्षक द्वारा बताया गया कि दवाइयां पूरी अस्पताल में उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी ने पत्रकारों से बताया कि सीएचसी जसरा में सात डाक्टर मौजूद रहे। गुरुवार को 450 मरीजों की ओपीडी रही। अधीक्षक द्वारा सफाई व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी से बताया गया कि सफाई कर्मचारी न होने के कारण ठीक ढंग से सफाई नहीं किया जा रहा है। औचक निरीक्षण के दौरान पूरे समय अस्पताल में अफरा तफरी मची रही। निरीक्षण के समय एडीएम प्रशासन हर्षदेव पांडेय,मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज डा०नानक शरण,सीबीओ डा०आरपी राय,बीडीओ जसरा डा०सपना अवस्थी,डा०सुनील कुमार पांडेय, श्यामलाल तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा...

### फसादों का सियासत से कनेक्शन जोड़ देते हैं

#### पूजा पण्डाल में पहुंचे कवियों ने लोगों को जी भर गुदगुदाया




**करछना।** क्षेत्र के लोहंदी गांव में नव दुर्गा पूजा महोत्सव के अंतिम दिन मंच पर पहुंचे कवियों ने लोगों को जी भर गुदगुदाते हुए खूब तालियां बटोरी। रुक-रुक कर हुई बारिश के बीच भी श्रोता देर रात तक जमे रहे। आरती और प्रसाद वितरण के बाद कवि सम्मेलन का शुभारम्भ लोक कलाकार मोहिनी श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत वंदना,जगतारिणी मैया ज्ञान का दीप जला दे,के साथ हुआ। राम जी से पूंछे जनकपुर की नारी बता द बबुआ जैसे गीतों पर खूब तालियां बटोरी। मंच का संचालन कर रहे हास्य व्यंग के चर्चित कवि अशोक बेसरम ने राजनीतिक विसंगतियों पर तंज कसते हुए कहा-मुकर जाते हैं वादों से,शराफत छोड़ देते हैं। सियासी लोग जनता की उम्मीदें तोड़ देते हैं। वोट की लीड के खातिर,अक्सर आज के लीडर, फसादों से सियासत का कनेक्शन जोड़ देते हैं। अजय प्रेमी द्वारा प्रस्तुत वंदे मातरम गीत ने लोगों के बीच देश प्रेम का भाव जागृत किया तो वही अली इलियास ने ओज की धारदार रचनाओं पर खूब तालियां बटोरी। संतोष शुक्ला समर्थ ने कहा-डर को मन से निकाल कर रखना, बिटिया तुमसे यही गुजारिश है,घर की इज्जत संभाल कर रखना। संयोजक कवि विपिन बिहारी त्रिपाठी ने,मन वचन कर्म से एक हो जाइए जैसी पंक्तियों पर खूब वाहवाही लूटी। नव दुर्गा पूजा समिति की ओर से मंच पर कवियों को सम्मानित किया गया।इस मौके पर भारी बारिश के दौरान भी सैकड़ों श्रोता और महिलाएं देर रात तक पण्डाल में मौजूद रहे।

### शिवराजपुर चौराहे से धरा गया पशु तस्कर, शांतिभंग की आशंका में सात लोगों का किया चालान



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी क्षेत्र के शिवराजपुर चौराहे के समीप से की गई है। धरे गए अभियुक्त के खिलाफ शंकरगढ़ थाने में दो मामले पंजीकृत हैं। यह जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाने की पुलिस टीम ने दरोगा संतोष कुमार सिंह की अगुवाई में पशु तस्कर अतहर पुत्र स्व. कमर अली (निवासी ग्राम खमपुर, दिलीपपुर, प्रतापगढ़) को शिवराजपुर चौराहे से धर दबोचा। पूछताछ के बाद आरोपी का चालान भेज दिया गया। इसी क्रम में शंकरगढ़ क्षेत्र से सात लोगों को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया है। एसओ ने बताया कि बुद्धिलाल पुत्र स्व. रामखेलावन (निवासी रमना, बरगढ़ी, शंकरगढ़), लवकुश पुत्र कुल्से (निवासी उपरोक्त), संतोष पुत्र रामस्वरूप (निवासी उपरोक्त), गौतम चौधरी पुत्र रामप्रसाद चौधरी (निवासी वार्ड संख्या दो, शिक्षक नगर, शंकरगढ़), प्रेम बहादुर पुत्र सुखलाल (निवासी करौंदी, बरगढ़, चित्रकूट), रमेश केसरवानी कस्बा शंकरगढ़ और विजय केसरवानी पुत्र कस्बा शंकरगढ़ का धारा 151, 107, 116 के तहत चालान किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई ऋतुराज सिंह, दीपक कुमार सिंह, कांस्टेबल अनीष कुमार, बलिराम सिंह, शशिकांत यादव, इंद्रजीत यादव आदि मौजूद रहे।

### मीरजापुर मार्ग दुर्घटना में कोरांव के डिसीएम चालक की मौत



**रत्योरा।** मीरजापुर जनपद के देवड़ा का सहारा देहात कोतवाली करनपुर चौकी समोगरा गांव के पास मार्ग दुर्घटना में कोरांव के डिसीयम चालक की मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया।जानकारी के मुताबिक शेर अली पुत्र बरकत अली (48)निवासी ग्राम रत्योरा करपिया थाना कोरांव प्रयागराज डीसीएम मालिक है। खुद गाड़ी चलाकर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। जो बिहार से गाड़ी लेकर मीरजापुर के रास्ते प्रयागराज आ रहा था कि करनपुर चौकी के सामोगरा गांव के पास दो वाहनों की भिड़ंत हो जाने से मौके पर ही चालक शेर अली की मौत हो गई। मृतक शेर अली को दो पुत्री व दो पुत्र है। बड़ी लड़की की शादी हो चुकी है,जबकि दूसरी लड़की सबनम निशा पुत्र जावेद व आवेद की शादी अभी नही हुई है। वीभत्स हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। बितिरात बुधवार देर रात्रि को परिजनो ने मुस्लिम रीति रिवाज से कब्रिस्तान में दभानाए और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। हादसा मंगलवार देर रात का बताया जा रहा है। अचानक गाड़ी का ब्रेक फेल हो जाने से गाड़ी खड़ी ट्रक से टकरा गई और चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

### मां की आरती कर शुरू किया देवी जागरण



**सहसों।** नवरात्रि के समाप्ति पर दुर्गा नवमी तिथि को मां दुर्गा मंदिर थानापुर में दुर्गा जागरण कार्यक्रम का आयोजन अरुण दूबे एवं साथी कलाकारों द्वारा किया गया। जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने मां दुर्गा की भव्य आरती कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कलाकारों द्वारा मां दुर्गा की आरती मैया जय अंबे गौरी से प्रारंभ हुआ तत्पश्चात अंबे तू है जगदंबे, चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, तूने मुझे बुलाया शेरावालिए आदि भक्ति गीतों पर देर रात तक भक्त नर नारी झूमते रहे। इस दौरान कलाकारों द्वारा शिव पार्वती तथा कृष्ण-सुदामा की मनमोहक झांकी की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। जागरण के दौरान भक्तो के जयकारे से पूरा पंडाल गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के आयोजक राकेश सिंह, रामजी सिंह,शिवनारायण सिंह गप्पू , उदय सिंह, रवि सिंह, राजकुमार पुष्कर, तीरथ राज सिंह, दुर्गा शुक्ला सहित भारी संख्या में भक्त नर नारी उपस्थित रहे।

### पूजा पंडाल में बच्चों का कार्यक्रम देख झूमे लोग




**झूंसी।** श्री श्री सार्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा आवास विकास कॉलोनी, दुर्गा पार्क स्थित पूजा पंडाल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें श्वेता द्विवेदी, खुशी सिंह, मुस्कान सिंह, तेजस श्रीवास्तव आदि बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम को देखकर लोग झूम उठे। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष कृपायन भट्टाचार्य, रवि दुबे, संदीप सिंह सत्या, राज सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## गुदरी का ऐतिहासिक जंघई मेला संपन्न



**जंघई।** जंघई दशहरा मेला के दूसरे दिन सुबह 5 बजे से 12 बजे दोपहर तक सिर्फ महिलाओं के लिए जंघई बाजार में लगने वाले मेले मे गुरुवार को महिलाओं की संख्या हजारों मे रही। जिसमें महिलाओं ने जमकर खरीददारी की आजादी के बाद से ही शुरू हुए इस मेले मे पुरुष प्रवेश पूर्णतया वर्जित होता है। जिसमे सिर्फ पांच साल के बालक को जाने की छूट होती है।मेले की तैयारियों एवं व्यवस्था हेतु एसडीएम हंडिया रमेश मौर्य एवं सीओ हंडिया रामसागर ने मेरा क्षेत्र का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिया ताकि मेला सुचारू रूप से संपन्न हो सके।इंस्पेक्टर सरायममरेज तरुणेंद्र त्रिपाठी एवं चौकी इंचार्ज जंघई सुधीर कुमार पांडेय ने दर्जनों महिला पुरुष कांस्टेबल एवं होमगार्ड के जवानों को मेला क्षेत्र में तैनात किया जिससे मेला सकुशल संपन्न हुआ। महिलाओं ने मेले में जमकर खरीदारी की, कोरोना काल में मेले का आयोजन नहीं किया गया था।इस वर्ष मेला क्षेत्र एवं बाजार की समस्त गलियों में अत्यधिक भीड़ नजर आई।

### जंघई में राम जी कि निकली सवारी, राम जी की लीला है न्यारी




**जंघई।** श्री राम जानकी मंदिर कुटी, जंघई में आयोजित रामलीला के 91वें वर्ष की रामलीला समापन पर भरत मिलाप के शुभ अवसर पर श्री राम रथ यात्रा जंघई बाजार में निकाली गई। महंथ चंद्रमा दास महराज ने श्री राम जी की पूजा आरती करके यात्रा प्रारंभ किया। इस अवसर पर रामलीला से जुडे.सभी पात्र, सहयोगी व सैकड़ों रामभक्त उपस्थित रहे।

# इफको में भव्यता के साथ मनाया गया दशहरा

## इकाई प्रमुख ने किया मेले का शुभारम्भ, शोभायात्रा में हाथी घोड़े व ऊंट के साथ निकला रामदल





रामदल की आरती उतारते कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया व धू -धू कर जलता रावण

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** इफको घियानगर में बुधवार को दशहरा पर्व बहुत ही भव्य तरीके से मनाया गया। रामदल में शामिल हाथी घोड़े व ऊंट आकर्षण का केंद्र रहे। मेले का शुभारंभ इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया के द्वारा पूजन अर्चन करने के बाद किया गया। इस दौरान भव्य शोभा यात्रा (श्रृंगार चौकी) मंदिर प्रांगण से घियानगर कालोनी के लिए निकाली गई। यह शोभायात्रा पहली बार घोड़ा, हाथी व ऊंट के साथ निकाली गई। राम लीला का मंचन बहुत ही भव्य तरीके से हुआ जिसमें विशेषतः सुंदर काण्ड, राम रावण युद्ध को दशार्या गया था। दशहरा मेले में रावण का पुतला दहन होते ही सभी ने जय श्री राम का उद्घोष किया गया। इस दौरान मनमोहक आतिशबाजी भी की गई। कार्यक्रम का संचालन इफको रिक्रिएशन क्लब के सचिव डी.के.शुक्ला ने किया। इस दौरान वरिष्ठ महाप्रबंधक व क्लब अध्यक्ष गिरीधर मिश्र, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः संजय वैश्य, एम.डी. मिश्र, ए.पी.राजेन्द्रन,संजय भंडारी, पी.के.सिंह ,पी.के. पटेल व संतोष कुमार शुक्ला उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष मानव संसाधन दानवीर सिंह, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार मिश्र व महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव के साथ ही बड़ी संख्या में दर्शक मेले में मौजूद रहे।

# कोरांव दशहरा मेले में झांकियां देखने उमड़ी भारी भीड़

## झमाझम बारिश में डटे रहे माता दुर्गा के श्रद्धालु भक्त

**अखंड भारत संदेश**




**रत्योरा।** कोरांव बाजार में आयोजित दशहरा मेले में भव्य व आकर्षक तथा सुसज्जित झांकियां निकाली गई। झांकी कलाकारों की प्रस्तुति देखने के लिए मेले में क्षेत्र की भारी भीड़ देखी गई। दशहरा के दिन सुबह से ही मौसम खराब होने व बीच बीच में रुक रुक कर रिमझिम फुहारी बारिश भी हो रही थी बावजूद इसके मां के श्रद्धालु भक्त पूरी तन्मयता व लगन के साथ माता दुर्गा के पंडाल में डटे रहे। दुर्गा पूजन कमेटियों के पदाधिकारी कोरांव बाजार में दशहरा मेले की भव्य तैयारियां की थी। दोपहर बाद से अचानक मौसम के बिगड़े मिजाज में मेले की रौनक फीकी कर दी। मेले को सफल तरीके से संपन्न कराने के लिए ऐतिहासिक रूप से पूरे बाजार को सजाया गया था। आधा दर्जन झांकियां कोरांव के दशहरे मेले में निकाली गई। झांकी कलाकारों की प्रस्तुति देखने के लिए बारिश में भी लोग डटे रहे। मंगलवार रात्रि को कोरांव बाजार में दशहरा मनाया गया झांकी कलाकारों की प्रस्तुति बुधवार सुबह 8 बजे तक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दिखाई। मेले में झांकी कलाकारों को सम्मानित करने के लिए जगह-जगह चौकियां बनाई गई थी चौकियों पर बैठे गणमान्य लोगों के द्वारा उम्दा प्रदर्शन करने वाले झांकी कलाकारों को पुरस्कृत भी किया गया। मेले में नगर पंचायत अध्यक्ष कोरांव नरसिंह कुमार केसरी की तबीयत अस्वस्थ होने के कारण उनके स्थान पर छोटे युवराज के नाम से मशहूर घनश्याम केसरी के द्वारा मेले में आए हुए श्रद्धालुओं का समय समय पर स्वागत किया जाता रहा। इसी प्रकार पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश केसरी द्वारा भी मेले में आए हुए लोगों का स्वागत अभिनंदन किया गया। मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अखिलेश जायसवाल व अनूप केसरी के द्वारा लाउडस्पीकर के जरिए आए हुए श्रद्धालुओं को आगाह किया जाता रहा। उन्हें बांस बल्लियों को न छूने की हिदायत दी जाती रही। जिससे मेले में कहीं भी किसी भी प्रकार की अप्रिय वारदात या घटना घटित नहीं हो सकी। मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल के जवान वह जिला अपराध निरोधक समिति के वालंटियर भी तैनात किए गए थे। थाना प्रभारी कोरांव धीरेंद्र सिंह पूरे मेला क्षेत्र का भ्रमण करते रहे और शांति व्यवस्था बनाने में सहयोग किया। दुर्गा पूजन कमेटियों के पदाधिकारियों में निशांत केसरी, अखिलेश जायसवाल, मनीष केसरी, गोलू सोनी, सौरभ जायसवाल, महेश केसरी, सागर केसरी, बादल सर्राफ, मोनू केसरी, अमित जायसवाल, अंजनी केसरी, उदल जायसवाल, संजय सिंह, मुलायम जायसवाल, मलकीत सिंह, रवंती सिंह, हिमांशु मोदनवाल, मक्खन केसरी, सचिन केसरी, अजय केसरी, गौरव जायसवाल, शैलेश सिंह शैलू, घनश्याम स्वर्णकार आदि लोग मेले की सुरक्षा व्यवस्था में विशेष सहयोग किया जिनकी लोगों ने प्रशंसा की। झांकी प्रदर्शन कमेटी के पदाधिकारियों में नंदी केसरी, वीर केसरी, राहुल वरनवाल, उदय केसरी, राजन पटेल, सोनू केसरी, कार्तिक मोदनवाल, आकाश मोदनवाल समेत कई पदाधिकारियों ने झांकी मंचन के दौरान विशेष सहयोग दिया जिससे मेला सफल रुप से संपन्न हो सका।

# कटका बाजार में दशहरे पर निकली आकर्षक हनुमान और राधा कृष्ण की झांकी

**करछना।** गुरुवार को करछना क्षेत्र के कटका बाजार में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयदशमी के उपलक्ष में दशहरा मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान हनुमान और राधा कृष्ण की झांकी निकाली गई ,जो आकर्षक का केंद्र रही। वही मेले के दौरान जय श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण गूंजमय हो उठा। मेले में लगाई गई रंग बिरंगी लाइट व व्यापारियों के द्वारा लाए गए तरह-तरह के खिलौने बच्चों को खूब भाई और जमकर खरीदारी की । इस दौरान हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने मेले का खूब लुफ्त उठाया । कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान पवन निषाद, सुरेंद्र कुमार पटेल ने सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। जिस मौके पर शिवलाल, धर्मेंद्र मौर्य, शिव कुमार पटेल, लालबाबू निषाद, अजय कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



## मऊआइमा में विजय दशमी का पर्व समपन्न रात में भरत मिलाप, दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन



**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा और बांकाजलालपुर, घीनपुर में विजय दशमी का पर्व बडी धूमधाम से मनाया गया। तथा गुरुवार को दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। मऊआइमा कस्बे की दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन श्रंगारपुर धाम और ग्रामीण क्षेत्रों का विसर्जन विभिन्न नहरों में किया गया। गुरूवार को देर रात में कस्बे का भरत मिलाप का आयोजन किया गया है।


### सिंगरामऊ का दशहरा मेला आज

**सहसों।** सिंगरामऊ गांव में रामलीला कमेटी द्वारा मंचित की जा रही आदर्श रामलीला के दसवें दिन आज शुक्रवार को दशहरे के मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें क्षेत्र के तमाम छोटे बड़े दुकानदारों से आग्रह किया गया है कि वह आकर मेले का शोभा बढ़ाएं और मेले का आनंद लें। यह जानकारी आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट संतोष शुक्ला एवं प्रबंधक सूरज शुक्ल ने दी।

# शंकरगढ़: ऐतिहासिक दशहरा मेले के दूसरे दिन उमड़ी भारी भीड

## तीन दिवसीय मेले का आज तीसरा दिन, निकाली जाएंगी विभिन्न चौकियां, गाजे-बाजे संग होगा मेले का समापन

**अखंड भारत संदेश**






**शंकरगढ़।** जनपद समेत यमुनापार के कई जगहों में जोरदार बरसात के कारण कई जगह जलभराव हो गया और भारी बरसात की वजह से दशहरा मेले की व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गई जिस कारण दशहरा के मौके पर निकाली जाने वाली श्रृंगार चौकियों का समय बदलना पड़ा।बावजूद इसके लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। महापर्व विजयदशमी को शंकरगढ़ के ऐतिहासिक मेले का भी शुभारंभ हो गया है। बुधवार से तीन दिवसीय मेले के प्रथम दिन यहां पर तैयारियां तो खूब दिखीं, लेकिन बरसात के कारण भीड़ नदारद रही।मेले के दूसरे दिन मौसम थोड़ा खुला होने पर मेला क्षेत्र में लोगों की चहल पहल बढ़ गई है। ऐतिहासिक मेले के आयोजन पर सदर बाजार को दुल्हन की तरह सजाया गया है। सभी मार्गों पर बांस-बल्ली गाड़कर आकर्षक लाइटें लगाई गई हैं। मेले में स्थानीय दुकानदारों के साथ-साथ बाहरी व्यापारी भी अपने प्रतिष्ठान के साथ आए हुए हैं। तीन दिनों तक चलने वाला शंकरगढ़ का ऐतिहासिक मेला पहले और दूसरे दिन बाहरी लोगों के लिए होता है। प्रथम दो दिन बाहरी लोग खरीदारी के लिए अधिक आते हैं, जबकि तीसरे दिन मेला देखने के लिए स्थानीय कस्बाई लोग भी घरों से निकलते हैं। इस मेले में लोग अपनी घर-गृहस्थी की जरूरत का सामान भी खरीदते हैं। शंकरगढ़ के सदर बाजार में लगने वाले इस मेले में क्षेत्र के अलावा चित्रकूट और मध्य प्रदेश के समीपवर्ती गांवों के सैकड़ों लोग मेला देखने के लिए आते हैं। मेले के दूसरे दिन बच्चों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिले। मेले आए जाइंट व्हील (बड़ा झूला) पर बच्चों की अच्छी-खासी भीड़ देखी गई। बच्चों ने जहां खेल-खिलौने खरीदने में रुचि दिखाई, वहीं महिलाओं की भीड़ श्रृंगार की दुकानों के साथ घरेलू वस्तुओं की दुकानों पर देखी गई। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, एसआई ऋतुराज सिंह अपनी टीम के साथ डटे रहे, वहीं मेले के व्यवस्थापक अमरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

# प्रभु श्रीराम ने अहंकारी रावण का किया वध

## श्री रामलीला समिति द्वारा किया गया विशाल मेले का आयोजन, भीषण बरसात पर भारी पड़ी आस्था, भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति द्वारा विजयदशमी के दिन भगवान श्री राम और रावण युद्ध की झांकी निकाली गई। गोपाल मंदिर से शाम साढे. चार बजे भगवान श्री राम अपनी सेना के साथ रावण से युद्ध करने निकले। उधर रावण गोपाल मंदिर से प्रभु श्री राम से युद्ध करने रामलीला मैदान अपनी सेना के साथ पहुंचा।

रामलीला मैदान में रावण का 80 फीट विशाल प्रतिमा रामलीला समिति द्वारा बनवाई गई थी। राम रावण का युद्ध देखने के लिए हजारों की संख्या में भक्त मैदान में उपस्थित थे। रामलीला समिति ने अतिथियों के लिए मंच बनाए थे। विजयदशमी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह, विशिष्ट अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह, पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह, सेना के कर्नल, जिलाधिकारी नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, हरी प्रताप सिंह आदि रहे।



प्रभु श्रीराम की आरती उतारते पूर्व सांसद, विधायक व नगर पालिकाध्यक्षा।

सभी अतिथियों की मौजूदगी में श्री राम रावण का 40 फुट ऊंचे बने हाइड्रोलिक मंच से भयंकर युद्ध हुआ। युद्ध में प्रभु श्री राम ने रावण का वध कर दिया। इसी के साथ मैदान में बने विशाल रावण के पुतले में श्री राम के बाण से धू-धू कर जल उठा। उपस्थित भक्तों ने श्री राम के जयकारे के साथ पूरा रामलीला मैदान गुंजायमान हो उठा। रामलीला समिति की तरफ से आतिशबाजी की व्यवस्था की गई थी जो एक घंटे तक चलती रही। रावण का वध करने के पश्चात भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी महाराज की आरती अतिथियों ने उतारी। आरती करने वालों में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह, विधायक सदर राजेंद्र कुमार मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह, जिलाधिकारी नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह, एस0एस0पी0, अपर जिला अधिकारी त्रिभुवन शर्मा, सीओ सिटी एवं एलआईयू इंस्पेक्टर ओ0पी0एन0 सिंह आदि ने आरती उतारी। संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू ने कहा कि सभी भक्तों को भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलना चाहिए। दशहरे का पर्व तभी सार्थक होगा। दशहरा का कार्यक्रम विपरीत परिस्थितियों में भी सकुशल संपन्न होने पर समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य व संजय खंडेलवाल ने सभी राम भक्तों का, सभी जनप्रतिनिधियों का, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के सभी अधिकारियों का आभार जताया।

## रावण दहन के बाद बारिश होने से छोटे दुकानदार का हुआ भारी नुकसान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लगभग शाम छह बजे रावण का पुतला जला है। उसके दस मिनट बाद ही मूसलाधार बारिष शुरू हो गई। इससे लोग भागने लगे। इसमें खासकर छोटे दुकानदारों का भारी नुकसान हुआ है जो अपना सामान तक नहीं बंटोर पाए। रामलीला समिति के लोग रावण वध का सकुषल सम्पन्न होने पर संतोष जाहिर कर रहे थे, लेकिन उन गरीबों जिन्हें मेले में कुछ कमा लेने का जज्बा रहता है, उन्हें निराषा मिली है।



नगर में निकली विभीषण राज्याभिषेक की झांकी।

## रामलीला समिति द्वारा निकाली गई विजय रथ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति द्वारा 11वें दिन विजय रथ और विभीषण राज्याभिषेक की झांकी निकाली गई। तीन बजे दिन में गोपाल मंदिर से विजय रथ व विभीषण राज्याभिषेक की झांकी निकलकर चैक होते हुए रामलीला मैदान में श्री राम चबूतरे पर भगवान श्री राम चंद्र ने विभीषण का राज्याभिषेक कर लंका का उत्तराधिकारी बनाया। वहां मौजूद राम भक्तों ने भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण व हनुमान जी महाराज की आरती उतारी। राज्याभिषेक होने के बाद चैक होते हुए विजय रथ गोपाल मंदिर कार्यालय आकर लीला को को विश्राम दिया गया। इस अवसर पर संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह सूरज, धर्मेंद्र सिंह, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, रोहित राज, धर्मेंद्र चैरसिया, विवेक कुमार, अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, रेखा उमरवैश्य, इंदिरा अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, अनामिका पांडे, मेघा, ज्योति आदि रथ के साथ चल रहे थे।

# रात में अब तिरंगी छटाएं बिखेरेगा चौक घंटाघर

## नपाध्यक्षा प्रेमलता व पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने किया प्रकाश कुंज का लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर का चैक घंटाघर अब रात में विद्युत छटाओं के तिरंगे के रुप में दिखाई देगा। दषहरे के मौके पर नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने साढे.चार लाख की लागत से चैक घंटाघर पर प्रकाश कुंज का उद्घाटन करते हुए कहा कि अयोध्या-प्रयागराज मार्ग के मध्य मे बना ऐतिहासिक चैक घंटाघर पर रात में अब अनेक विद्युत छटाएं दिखाई देंगी।

इसमें सबसे खास बात यह है कि चैक घंटाघर नीचे से ऊपर तक तिरंगी छटाओं को प्रायः दर्शाएगा। अन्य विद्युत छटाएं भी लोगों को आकर्षित करेंगी। बता दें कि एक दिन बाद इसी घंटाघर पर इस बार तिरंगी विद्युत छटाओं के बीच भरत मिलाप होगा। इससे रामलीला कमेटी



प्रकाशकुंज का लोकार्पण करतीं प्रेमलता सिंह व हरिप्रताप सिंह।

के लोगों में खुशी देखी गई। इस मौके पर उपस्थित रामलीला समिति के अध्यक्ष ने कहा कि इस बार भरत मिलाप नये विद्युत छटाओं के बीच में होगा। इस मौके पर नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी मुदित सिंह, सभासद गायत्री शुक्ला, आशीष जायसवाल, नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, मिथिलेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे। नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह चैक घंटाघर में प्रकाष कुंज का लोकार्पण करने के बाद रामलीला मैदान में आयोजित राम रावण युद्ध देखने चले गये।

## जौनपुर एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू, यात्रियों में खुशी की लहर

**प्रतापगढ़।** दो साल से बंद रायबरेली जौनपुर वाया प्रतापगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन रेलवे ने फिर से शुरू कर दिया है। इससे बादशाहपुर, जंघई होते हुए जौनपुर जाना और आना आसान हो गया है। ट्रेन के चलने से यात्रियों में खुशी की लहर है। बता दें कि कोरोना महामारी में अधिकांश ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया था। जिसमें प्रतापगढ़ जौनपुर एक्सप्रेस ट्रेन भी शामिल थी। रिमाडलिंग के बाद दुबारा से रेलवे ने इस ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया है। प्रतापगढ़ से जौनपुर के लिए इसके अलावा दूसरी कोई ट्रेन नहीं है। यहां से काफी यात्री जौनपुर जाते हैं। इसके बंद हो जाने से लोग बस का जरिए जाया करते हैं। इस बारे में एसएस शमीम अहमद ने बताया कि जौनपुर एक्सप्रेस का संचालन फिर से शुरू हो गया है। यह ट्रेन अपने निर्धारित समय पर प्रतापगढ़ पहुंचेगी। इसमें कोई फेरबदल नहीं हुआ है। ट्रेन गौरीगंज, जायस, अमेठी, प्रतापगढ़, बादशाहपुर और जंघई होते हुए जौनपुर जायेगी।

# बिहारगंज में जलाए गए रिकॉर्ड 15000 दीपक

**अखंड भारत संदेश**

**बिहारगंज, प्रतापगढ़।** सदर तहसील के बाजार बिहारगंज में नवल दुर्गा पूजा समिति द्वारा सोमवार महाष्टमी को नवल दीपांजलि और नवल डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजक आदर्श जायसवाल और मुकेश जायसवाल द्वारा नवल दुर्गा पूजा समिति में माँ अम्बे की मूर्ति पिछले सात वर्षो से स्थापित करवाई जाती है जिसके तहत आठवें वर्ष में भी माता रानी का भव्य दरबार सजाया गया।

आयोजक मुकेश व आदर्श ने बताया कि सभी ने अपनी इच्छानुसार दीपकों को दान किया। उसके बाद नवल डांस प्रतियोगिता के महाफाइनल में संस्कार खत्री विजेता बनकर रेंजर साइकिल हासिल की। जबकि दूसरे व तीसरे स्थान पर शालिनी सिंह कूलर व प्रकृति सोनी होम थियेटर पर जीत अर्जित की। मुख्य निर्णायक के तौर पर प्रयागराज के लोक कलाकार प्रियांशु श्रीवास्तव और विकास पांडे

## नवल डांस प्रतियोगिता में संस्कार खत्री रहे विजेता



नवल डांस प्रतियोगिता के लोक कलाकार।

रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद संगम लाल गुप्ता, सदर विधायक राजेंद्र प्रसाद मौर्य और जायसवाल समाज प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष श्याम जी जायसवाल रहे। जबकि अतिविशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता, जिला पंचायत मोहित सिंह, समाज सेवी सुनील सिंह, धीरज सिंह, राजेश मिश्र, हिमांशु जायसवाल, कमलेश मिश्र रोहित जायसवाल, रवींद्र जायसवाल, राजन शुक्ल रहे। नवल दुर्गा पूजा समिति के इस कार्यक्रम को भव्यता देने के लिए पन्नालाल जायसवाल, चंद्रप्रकाश जायसवाल, मल्हू सोनी, राजेश जायसवाल, महेश जायसवाल, टिंकू जायसवाल, प्रेम शंकर सोनी, चिन्मय विश्वास, रवि गुप्ता, अमित जायसवाल, अभय गुप्ता, अनमोल, सूरज, नन्दलाल चैरसिया, डॉ चितरंजन विश्वास संजय, शिव, मनीष, मिट्ठू, रवि, विपिन, दीपक, डाउ, लल्लू, प्रमोद मिश्र, पप्पू जायसवाल आदि लोगो का सहयोग रहता है।

## तेज बारिश में ढहा कच्चा मकान, बुजुर्ग की मौत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बुधवार की रात मूसलाधार बारिश से एक कच्चा मकान ढा गया। उसकी कच्ची दीवार में दबने से एक बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। मूसलाधार बारिश की वजह से आसपास के लोगों को नहीं पता चल सका। सुबह पांच बजे परिजनों ने देखा तो मृतक को मलबे से बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दिलीपपुर थाना क्षेत्र के प्रेमधरपट्टी गांव का रहने वाला कल्लू यादव पुत्र स्वर्गीय रामपाल तीन भाइयों कन्हैयालाल तथा रामदयाल में सबसे बड़ा था। कल्लू की शादी नहीं हुई थी वह अपने छोटे भाई कन्हैयालाल के साथ रहता था। घर से सामने एक कच्चे मकान पर छत पर रख छप्पर रख कर उसी में रहा करता था। बुधवार की रात तेज बारिश शुरू हुई तो कच्चा मकान ढह गया। मकान की दीवार और छत पर कल्लू के ऊपर जा गिरी जिसमें दबकर कल्लू की दर्दनाक मौत हो गई। मूसलाधार बारिश की वजह से आसपास के लोगों तथा परिजनों को इसकी जानकारी नहीं हुई। सुबह लगभग पांच बजे लोग उठे तो मलबा देखकर परेशान हो गए। आनन-फानन में लोगों ने मलबा हटाया तो कल्लू का शव दिखाई दिया। इसकी सूचना राजस्वकर्मियों को दी गई तो मौके पर लेखपाल ताहिर मौके पर पहुंचे उसके बाद दिलीपपुर चैकी इंचार्ज धर्मेंद्र सिंह पहुंचे और शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं राजस्व कर्मी लिखा पढ़ी करके रिपोर्ट शासन को भेज दिया है।

# कार असंतुलित हो पेड से टकराई, एक की मौत, तीन हुए घायल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मवेशी के अचानक नेशनल हाइवे पर आ जाने कार असंतुलित हो गयी। भीषण दुर्घटना में एक की दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं तीन लोग दुर्घटना में गंभीर रूप से चुटहिल हो गये। लीलापुर थाना क्षेत्र के दया का पुरवा डांडी निवासी हंसराज सरोज 40 पुत्र रामनिहोर सरोज मंगलवार की रात गांव से कार द्वारा रिश्तेदारी जा रहा था।

कार पर हंसराज के साथ गांव के विजय वर्मा 30 पुत्र विनोद कुमार तथा संजीत कुमार सरोज 39 पुत्र राजाराम एवं दिनेश कुमार सरोज 30 पुत्र राजाराम भी सवार थे। लालगंज कोतवाली के रायबरेली नेशनल हाइवे पर दुबे का पुरवा राजेन्द्र नगर के पास रात करीब दस बजे अचानक नेशनल हाइवे पर मवेशी सामने आ गया। मवेशी को बचाने के चक्कर मे कार असंतुलित हो गयी। कार सीधे पेड से टकराकर पलटा खा गयी। दुर्घटना मे वाहन चालक हंसराज सरोज समेत चारों गंभीर रूप से घायल हो गये।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर भेजवाया। यहां घायल चालक हंसराज सरोज को चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। तीन अन्य घायलो को प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

इधर हंसराज की मौत की सूचना घर पहुंची तो परिजनों मे कोहराम मच गया। हंसराज खेती व मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। असमय उसकी मौत से कक्षा ग्यारह में पढ़ने वाली बेटी अंजली सरोज तथा कक्षा सात में निखिल सरोज व कक्षा दो में पढाई कर रहा समर सरोज निराश्रित हो गये। वहीं घायलों का उपचार जारी बताया जाता है। पुलिस ने मृतक हंसराज के शव को पीएम के लिए बुधवार की सुबह जिला अस्पताल भेजवाया है।

## बारिश के बीच दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रताप** दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन बुधवार सुबह से शुरू हुआ दौर देर शाम तक चलता रहा। गाजे-बाजे के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं के साथ श्रद्धालुओं का जत्था...दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन बुधवार सुबह से शुरू हुआ दौर देर शाम तक चलता रहा। गाजे-बाजे के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं के साथ श्रद्धालुओं का जत्था विसर्जन के लिए निकला। डीजे की धुन पर बजे रहे भक्ति गीतों पर श्रद्धालु थिरक रहे थे। अबीर-गुलाल उड़ाने के साथ ही जयकारे लगाते हुए श्रद्धालुओं की टोली मां की प्रतिमा के साथ सई नदी के कृत्रिम जलाशय के पास पहुंची। यहां जिला प्रशासन और मूर्ति विसर्जन समिति की देखरेख में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन विधि-विधान से पूजन के बाद किया गया। गांव से लेकर शहर तक की मूर्तियों को विसर्जन के लिए यहां लाया गया।सुबह से शुरू हुआ दौर देर शाम तक चलता रहा।

# तेज गरज चमक के साथ हुई मूसलाधार वर्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** दशहरे की शाम से शुरू हुई तेज वर्षा गुरुवार को भोर तक होती रही। रात में तेज गरज व बिजली चमकने के साथ आधी रात तक वर्षा अपना ताण्डव दिखाती रही। सुबह लोगों के घरों में पानी घुस गया था।

रामलीला मैदान के अण्डरपास में पानी भर गया था जिसे नगर पालिका ने पम्प लगाकर निकाला। इसी प्रकार राजकीय मेडिकल कालेज के जिला अस्पताल में वर्षा से जलभराव हो गया था। वैसे निचली स्तर के मकानों में जलजमाव की अधिक समस्या आयी। नगर पालिका घरों में पम्प लगाकर वर्षा का पानी निकाल रही थी। गुरुवार को सुबह धूप निकली तो लोगों ने राहत महसूस किया। रात में तेज गरज से लोग सो नहीं पा रहे थे।

## नगर पालिका ने पम्प लगाकर निकाला वर्षा का पानी



अण्डरपास से पम्प लगाकर पानी निकालते नगर पालिका कर्मी।

# गाजा-बाजा के साथ गंगा में विसर्जन हुई मूर्तियां

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** शारदीय नवरात्रि में गंगा दशहरा के दिन बुधवार को देर शाम तक कालाकांकर के गंगातट किनारे पुलिस प्रशासन द्वारा खोदे गए गड्ढे में 32 मां दुर्गा के साथ गणेश लक्ष्मी कार्तिक सरस्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

इस दौरान कई जगहों को मिलाकर कुल 52 मूर्तियां गंगा में विसर्जित की गई। देर शाम लगभग सात बजे परियावां माता मैया धाम की दुर्गा पण्डाल का डीजे, ठोल बाजा व झांकी के साथ परियावां से कालाकांकर गंगातट तक पैदल नाचते झूमते गाते श्रद्धालुओं ने विसर्जन किया परियावां मूर्ति विसर्जन के दौरान नवाबगंज एसआई बलवंत सिंह अपने सहयोगी सिपाहियों के साथ परियावां से कालाकांकर गंगातट किनारे तक



गंगा में मूर्तियों को विसर्जित करने जाते श्रद्धालु।

सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे। मूर्ति विसर्जन के दौरान गंगातट किनारे बिजली की व्यवस्था न होने के कारण श्रद्धालुओ के मोबाइल की रोशनी में मूर्तियों का खोदे गए गड्ढे में विसर्जन किया। मूर्ति शोभा यात्रा के दौरान परियावां में कुम्हारन की बस्ती के लोगो ने व राम फेर साहू ने प्रसाद वितरण किया। कमेटी के सदस्य फ्रैंकी, बबलू, अनिल, गौरव, डब्बू, अंजलि, अरुण, बिल्लू, गनेश प्रसाद, सोम सोनी, अमित, जतिन, आशीष, अर्पित, रिंकू, काके, राहुल, संजय अग्रहरि, शुभम, बाले आदि लोग मौजूद रहे।

# छुट्टा मवेशी बचाने के चक्कर पेड़ से टकराई कार, दो घायल

## इलाज के लिये प्रयागराज रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** छुट्टा मवेशी बचाने के चक्कर में मनगढ़ से घर वापस लौट रहे कार सवार मंगलवार की रात लगभग साढे. नौ बजे के करीब कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। पेड़ से टकराने के बाद कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से हुए घायल हो गए। मौजूद लोगों ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलखरनाथ ले गए जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ सरकारी दिया गया तीनों के गंभीर दशा को देखते हुए प्रयागराज के स्वरूप रानी हॉस्पिटल में रेफर कर दिया गया है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव के पास मंगलवार की रात जौनपुर जनपद के बदलापुर थाना क्षेत्र के अकबर गांव निवासी जितेंद्र कुमार सिंह (27) पुत्र राधेश्याम, अंशुमान सिंह (25) पुत्र कमलेश सिंह, हिमांशु सिंह (27) पुत्र अरविंद सिंह मंगलवार को भक्ति धाम कुंडा में दर्शन करने मनगढ़ गए थे। जंहा से तीनों लौट रहे थे। वापस लौटते समय कंधई थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव के समीप स्विफ्ट डिजायर कार जैसे पहुंची सामने से अचानक छुट्टा जानवर सड़क पर आ गया। चालक द्वारा जानवर को बचाने में कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टकराने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस से तीनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां तीनो की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने घायल तीनों युवकों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## शादी से इंकार करने पर फांसी लगाकर युवती ने दी जान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कुंडा थाना क्षेत्र के काजीपुर गुलाम जाफर निवासी राम प्रसाद सोनकर ने अपनी पुत्री आरती सोनकर उम्र (22) वर्ष की शादी कुछ वर्ष पूर्व कौशाम्बी जनपद के सैनी थाना क्षेत्र के जफर पुर निवासी फूलचंद सोनकर के बेटे गुड्डु सोनकर के साथ तय हुई थी। परिजनों द्वारा बताया गया कि मंगनी के दौरान लड़के द्वारा आपस मे बातचीत करने के लिए लड़की को एक मोबाइल फोन दिया गया था, जिससे दोनों आपस मे बातचीत किया करते थे। बीते सोमवार को लड़की पक्ष के लोगों ने शादी की तारीख निश्चित करने के लिए जब लड़के वालों के घर गए तो लड़के वालों ने शादी से इंकार कर दिया। शादी से इंकार की बात सुनकर लड़की पक्ष के लोग मायूस होकर घर लौट आए। इससे आरती के होश उड़ गए। उसने गुड्डु से फोन पर संपर्क किया और शादी तोड़ने के बाबत जानकारी किया तो उसने भी अपने परिजनों की सहमति से शादी की बात कही। इसी बात को लेकर मंगलवार की शाम चार बजे आरती ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। प्रभारी निरीक्षक कुंडा का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तहरीर मिलने पर उचित कार्यवाही की जायेगी।

## खबर संक्षेप

### आकाशीय बिजली गिरने से चार लोग झुलसे

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के पश्चिम शरीरा थाना के बरौली गांव मे बुधवार को रूक रूक कर तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से चार लोग गंभीर रूप से झुलस गये हैसभी घायलो को ईलाज हेतु जिला अस्पताल मे भती? करा दिया गया है आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 4 लोग झुलस गये है`बुधवार सायं करीब 6 बजे बरौली गांव में आकाशीय बिजली गिरने से कई घरों में दरारे भी आ गई है गंभीर रूप से झुलसने वालो मे राजोल पुत्र कोलाल तुलसी प्रसाद यादव के घर में अचानक लोहे के एंगल में करंट आने से तुलसी प्रसाद यादव की पुत्री झुलस गईं वही बगल में चरण सिंह यादव के यहां भी लोग झुलस गए हैबिजली गिरने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी. सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद सभी को घर वापस भेज दिया है।

# बालिका ने आत्महत्या कर समाप्त कर लिया जीवन लीला



बालिका की मौत के बाद घर पर लगी महिलाओं के भीड़

अखंड भारत संदेश

**करारी कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के बंधुरी रसूलपुर गांव की एक बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बालिका की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। घटनाक्रम के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के बंधुरी रसूलपुर गांव निवासी रूमा देवी उम्र 21 वर्ष पुत्री केदारनाथ के शरीर मे सफेद दाग था जिससे उसकी शादी नहीं हो पा रही थी जिसके चलते लगातार बालिका टेंशन में रहती थी बुधवार को बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है जैसे ही मामले की जानकारी परिजनों को मिली घर में कोहराम मच गया जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को लगी मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पोस्टमार्टम से लाश वापस आने के बाद बालिका का अंतिम संस्कार परिजनों ने कर दिया है।

## भंडारे के टेंट में करंट लगने से एक युवक की मौत

**करारी कौशांबी।** करारी थाना अंतर्गत बँधवा कल्याण गांव में भंडारे के टेन्ट में करंट उतर आने से उसके चपेट में आने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के बँधवा कल्याण गांव निवासी हरदेव उम्र 27 वर्ष पुत्र देवसरन मंगलवार की रात भंडारे में गए थे जहाँ टेंट के पाइप में करंट था देव शरण समझ नही पाए और करंट की चपेट में आ गए करंट का झटका लगने से उनकी मौत हो गई है युवक की मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई परिजनों को सूचना मिली तो रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



भंडारे में करंट से युवक की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

## दशहरा पर परिवार की छिन गई खुशियां : सोते हुए भाई बहन को सांप ने डसा, बहन की मौत,भाई गंभीर

**कौशाम्बी।** दशहरा के अवसर पर एक अनहोनी ने परिवार की खुशियां ही छीन लीं। घर पर तख्त में सो रहे भाई बहन को जहरीले सांप ने डस लिया,बहन की इलाज का दौरान मौत हो गई जबकि भाई की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। सराय अकिल थाना क्षेत्र के अतरसुइया गांव निवासी शिवबाबू रैदास की छह वर्षीय बेटी और आठ साल का पुत्र कृष्णा रात में घर के अंदर तखत पर सो रहे थे। रात में उन दोनों को सांप ने डस लिया। सांप के काटने पर दर्द हुआ तो कृष्णा रोने लगा। उसने सांप देखा तो रोते हुए मां को इस बारे में बताया। परिवार के लोग कृष्णा को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराय अकिल ले गये। वहां हालत होने पर डाक्टरों ने उसे प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। परिवार के लोग उसको लेकर प्रयागराज चले गये।उधर, सांप के डसने से बेसुध बेटी की तरफ किसी ने ध्यान नहीं दिया। सबने यही समझा था कि वह सो रही है। जब वह देर तक नहीं उठी तो जगाने की कोशिश करने पर पता चला कि उसकी सांस थम चुकी है। तब यह भी जानकारी सामने आई कि बेटी को भी सांप ने डसा था।घटना से परिजनो में कोहराम मचा हुआ है।

## सीडीओ एवं एडीएम के नेतृत्व में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक सम्पन्न

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय द्वारा उदयन सभागार में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक की गयी बैठक में परिषद द्वारा जनपद में पर्यटन स्थलों के विकास व सौन्दर्यीकरण के लिए विचार-विमर्श किया गया इसके साथ ही कड़ाधाम में घाटों का जीर्णोद्धार एवं श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव तैयार कर पर्यटन निदेशालय भेजने के निर्देश दिये गयें जनपद के स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने एवं पूरे वर्ष भर जनपद में कराये जाने वाले कार्यक्रमों मेलों महोत्सवों आदि को चयनित कर इवेन्ट कैलेण्डर बनाये जाने पर विचार-विमर्श किया गया बैठक में परिषद द्वारा पर्यटन मित्र के गठन के लिए नेहरू युवा केन्द्र एवं जिला युवा कल्याण अधिकारी को युवक मंगल दल व महिला मंगल दल से 10-10 पर्यटन मित्रों को नामित करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही युवा पर्यटन क्लब का गठन किये जाने के भी निर्देश दियें गये। परिषद द्वारा आगामी बैठक में मॉ शीतलाधाम, चरवा स्थित रामजानकी मन्दिर, बौद्ध एवं जैन धर्म के महन्त आदि को पदेन सदस्य नामित करने का निर्णय लिया गया इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं प्रभागीय वनाधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



बैठक करते अधिकारी

# फैमिली मार्केट में चोरों ने नगदी समेत लाखों का सामान किया पार

## पूर्व की घटनाओं का खुलासा करने में हाफ रही पुलिस, चोरी की घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने बुलाई फॉरेंसिक टीम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं नहीं रुक रही है आम जनमानस चोरी की बढ़ती घटनाओं से भयभीत है आए दिन किसी न किसी थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर चोर गिरोह के सदस्य फरार हो जाते हैं और पुलिस लकीर पीटते रह जाती है बीती रात फिर चरवा थाना क्षेत्र के महगाव चौकी अंतर्गत फैमिली मार्केट मे चोरों ने धावा बोल दिया है फैमिली मार्केट से चोरों ने लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। फैमिली मार्केट के संचालक के अनुसार बीती रात चोरों ने फैमिली मार्केट की छत के ऊपर से नीचे आए और ताला तोड़कर मार्केट के अंदर घुस गए और काउंटर के ड्रॉल में रखे नगदी सवा लाख रुपए व पन्द्रह डी वी आर कैमरा समेत कीमती सामान उठा ले गए, सुबह जब मार्केट का ताला खोलकर संचालक अंदर गया तो मार्केट का हाल देखकर उसके होश उड़ गए, जिसके बाद मार्केट संचालक ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर चोरों का सुराग लगाने में जुट गई है जिले के करारी सैनी कोखराज थाना क्षेत्र में दर्जनों चोरी की घटनाएं महीनों बीत जाने के बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है।



चोरी की घटना की जांच करती पुलिस

## कड़कड़ाती बिजली और मूसलाधार बारिश से दशहरा पर्व हुआ फीका

### पेट की कमाई के लिए दुकान लगाएं दुकानदारों पर भगवान की पड़ी मार

**कौशाम्बी।** लगातार कई दिनों से मौसम अपना खेल दिखा रहा है 2 दिन से हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से कौशाम्बी का ऐतिहासिक दशहरा फीका पड़ गया है बारिश होने की वजह से लोग अब घरों में कैद हैं वही निकलने वाली चौकियों में भगवान के रूप में पात्र करने वाले कलाकार भी डरे सहमे हैं कड़कड़ाती बिजली और बारिश होने से दशहरे पर्व का इंतजार कर रहे छोटे छोटे दुकानदार के पेट पर भगवान की मार पड़ गई है दशहरे को देखते हुए ये छोटे दुकानदार चाट चाऊमीन मूंगफली खिलौनों की दुकान झूला आदि लगाकर अपना गुजर-बसर करते है वहीं दूसरी तरफ बरसात होने से कई इलाकों में अंधेरा छा गया है विद्युत व्यवस्था भी पूरी तरह से चरमरा गई है।

## निकाय चुनाव के लिए दावेदारों के बीच होर्डिंग लगाने की मची होड़

### नगर के प्रमुख स्थानों, खम्भो में होर्डिंग लगाकर अपनी दावेदारी कर रहे मजबूत



**अझुवा कौशाम्बी।** नगरीय निकाय के चुनाव को लेकर भले ही अभी अधिकृत घोषणा न हुई हो लेकिन दावेदार नगर पंचायत के प्रमुख स्थानों विद्युत पोलों, चौराहों पर दीवारों में अपने होर्डिंग टँगवाकर अपनी दावेदारी को हवा दे रहे हैं दावेदार निकाय चुनाव को लेकर अपनी सियासी गोट बिछाने में जुट गए हैं विभिन्न राजनीतिक दलों में आस्था रखने वालों ने अपने सिपहसालारों को चुनाव में मतदाताओं को अपने पाले में जुटाने का पुरजोर प्रयास करना शुरू कर दिया है देवी पंडालों धार्मिक कार्यक्रमों में दावेदार बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने को उतावले हुए जा रहे हैं बीती नवरात्रि में तमाम दावेदारों ने दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचकर दिल खोलकर दान दक्षिणा करते नजर आए हैं।नगर के मतदाताओं के प्रत्येक कार्य मे पहुंच कर अपनी हवा देने में लग गए हैं।नगर पालिका नगर पंचायतों में अभी न तो चुनाव की तिथि की घोषणा हुई न तो अभी सीट निर्धारण का आरक्षण हुआ किंतु दावेदार अपनी तैयारी में जुटे हुए हैं सोसल मीडिया में जमकर अपने पोस्टर बैनर को हवा देकर माहौल बनाने में जुटे हैं वहीं नगर वासी भी बड़े चाव से उनके बैनर पोस्टर को देख मजे लेकर अपने दावेदार को सोंच परख रहे हैं।

## न्यूज झरोखा

### परिवारीजन ने माँ बेटी को बेरहमी से पीटा



**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के बड़ी गौहानी निवासी सोनी सिंह पत्नी पुष्पराज सिंह और उनकी बेटी को बुधवार की दोपहर उसके परिवारी जनो ने गाली गलौज करते हुए लात घूसा से मारा पीटा है हो हल्ला सुनकर बचाव करने मौके पर उसकी बेटी पहुंची जिस पर बेटी को भी मारपीट कर लहूलुहान किया गया है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है खबर लिखे जाने तक हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। घटनाक्रम के महिला के परिवार के अजय प्रताप सिंह पुत्र राजेश सिंह व राजेश सिंह पुत्र यदुनाथ सिंह नीतू सिंह पुत्री राजेश सिंह का महिला से किसी बात को लेकर विवाद हो गया इतने में सभी एकजुट होकर महिला के घर पर चढ़ आए और गाली गलौज कर महिला के साथ मारपीट करने लगे महिला ने हो-हल्ला मचाया शोर सुनकर बेटी काजल मौके पर आकर बीच बचाव करने लगी तो दबंगो ने काजल को भी मारपीट दिया है हमले में मां बेटी दोनों को चोटें आई हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

### खेत कब्जे का विरोध करने पर दबंगों ने मां-बेटे को पीटा



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के सोनारन पुरवा गांव में महिला के खेत की मेवाड़ तोड़कर दबंग कब्जा कर रहे थे जिसका महिला और उसके बेटे ने विरोध किया जिस पर महिला और उसके बेटे पर लाठी डंडा फावड़ा से दबंगों ने हमला कर दिया है जिससे मां बेटे दोनों को चोटें आई हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है । जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के सोनारन का पुरवा गांव निवासी सुनीला देवी पत्नी चरण सिंह के खेत मे हीरा लाल के बेटे अपने साथियों के साथ मेड को तोड़ कर खेत मे कब्जा कर रहे थे महिला ने विरोध किया जिस पर दबंगों ने महिला और उसके बेटे जयसिंह पर लाठी डंडा फावड़ा से हमला कर दिया है हमले में महिला मां बेटे को चोटे आई हैं।

### 24 घण्टे का वाल्मीकि रामायण पाठ का होगा आयोजन

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष 09 अक्टूबर 2022 को महर्षि वाल्मीकि जयन्ती को भव्य रूप से मनाये जाने का निर्णय लिया गया है शासन के निदेर्शानुसार वाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार व जनमानस को इससे जोडने के लिए जनपद में महर्षि वाल्मीकि से सम्बन्धित स्थलों मंदिरों आदि पर दीप प्रज्जवलन/दीपदान के साथ-साथ अनवरत 08,12 अथवा 24 घण्टे का वाल्मीकि रामायण पाठ का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही भगवान श्रीराम व श्रीहनुमान तथा रामायण से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण स्थलो मंदिरों का चयन कर सुरूचिपूर्ण आयोजन के साथ रामायण पाठ/भजन आदि के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा कार्यक्रम को सुगमतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को विभिन्न उत्तरदायित्व सौंपे हैं।

### पारिवारिक कलह से युवक ने खाया जहर, अस्पताल में भर्ती

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा के एक युवक ने जहर खाकर जान देने का प्रयास किया है जानकारी के अनुसार वार्ड नं 12 नयानगर अझुवा निवासी बबलू केसरवानी उम्र तकरीबन 40 वर्ष पुत्र स्व. हीरालाल केसरवानी ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खा लिया है सूचना पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जिसका इलाज हो रहा है मोहल्लेवासियों के अनुसार युवक नशा करने का आदी है जिससे घर परिवार में कलह की स्थिति हमेशा बनी रहती है।

### जलसा रहमत आलम की छठी बैठक आयोजित

**कौशाम्बी।** जलसा रहमत आलम की छठी बैठक कलाम अल्लाह के पाठ के साथ शुरू हुई, और मुहम्मद मोईन ने नात प्रस्तुत की!उसके बाद, हजरत मौलाना मुहम्मद इनाम उल्लाह साहिब कासमी, संरक्षक जमीयत उलमा कौशाम्बी और शरिया दारुल कजा कानपुर के काजी शरीयत विभाग ने बैठक को संबोधित किया! उन्होंने चरित्र पर विस्तृत प्रकाश डाला। और नैतिकता, और कहा कि आप अपने बच्चों को शिक्षा से लैस करें और बच्चों के भविष्य की चिंता करें। और अंत में, हजरत मौलाना मुहम्मद इनाम उल्लाह साहिब कासमी की प्रार्थना के साथ बैठक समाप्त हुई इस मौके पर मौलाना मुहम्मद इनाम उल्लाह साहिब कासमी, हाफिज सय्यद अली, मोलवी सना उल्लाह, मुहम्मद मोईन, शाबान उल्लाह, अनवार उल्लाह, शरीफ अहमद, वहाब अहमद,आदी मौजूद रहे।

## पूरे जिले में बड़े धूमधाम से दशहरे का पर्व संपन्न

**कौशांबी।** विजयादशमी के दिन राम रावण युद्ध के बाद पूरे जिले में दशहरे का पर्व धूमधाम से संपन्न हो गया है आकर्षक चौकियों और रोशनी की लाइट में दशहरे के पर्व को देखने को गांव क्षेत्र की जनता उमड़ पड़ी है झमाझम बारिश के चलते दशहरे के पर्व पर बीते वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष भीड़ कम हो सकी है लेकिन फिर भी दशहरे में ग्रामीण जनता की भीड़ मौजूद रही जिले के मनौरी बाजार में दशहरे का पर्व ऐतिहासिक होता है आकर्षण चौकियों और लाइट की सजावट देखते बनती है इसी तरह दारानगर का कुप्पी युद्ध अपने में ऐतिहासिकता को संजोए हुए हैं मंझनपुर चरवा पश्चिम सरीरा सराय अकिल नूरपुर सहित जिले के विभिन्न नगर कस्बों में दशहरे का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है जहां आकर्षक विद्युत सजावट और मनमोहक चौकियों को देखने के लिए गांव के महिला पुरुष बच्चे बूढ़े मेला पहुंचते हैं लाखों भक्त दशहरा देखने के लिए मेला में पहुंचते हैं मेले में खाने पीने की दुकानों समेत तमाम छोटी-छोटी दुकानें लगाई जाती है जहां खरीददार भी पहुंचते हैं राम रावण युद्ध के बाद आकर्षक चौकियों और भव्य सजावट को देखने के लिए महिला पुरुष पूरी रात मेला भ्रमण करते हैं दशहरे के दूसरे दिन भरत मिलाप का आयोजन होता है जहां भक्त राम भरत मिलाई का कार्यक्रम देखने को बेताब रहते हैं दशहरे की व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई थी शांतिपूर्ण तरीके से जिले में मेला संपन्न हो गया है

### दारानगर के 243 वें कुप्पी युद्ध को देखने के लिए उमड़ी जनता

**कौशाम्बी।** दारा नगर के ऐतिहासिक युद्ध को देखने के लिए क्षेत्र की जनता उमड़ पड़ी है रथ पर सवार होकर अनुज लक्ष्मण के साथ युद्धस्थल पर मयार्दा पुरषोत्तम श्रीराम पहुंचे हैं और वहां पर राम रावण दल के बीच दो दिन में सात बार सजीव कुप्पी युद्ध हुआ राम और रावण दोनों के दलों में पच्चीस पच्चीस योद्धा युद्ध में शामिल हुए और एक दूसरे पर कुप्पी का वार कर युद्ध को रोचक बना दिया ऐतिहासिक कुप्पी युद्ध मे पहले दिन की चार लड़ाईयां रावण की सेना जीती है वहीं दूसरे दिन की तीन लड़ाई जीत कर राम की सेना विजय दशमी का पर्व मनाती है जैसे ही प्रभु श्री राम की सेना कुप्पी युद्ध जीत गई वैसे ही जय श्रीराम के नारे से वातावरण गूंज उठा 243 साल पुराने इस अनोखे सजीव कुप्पी युद्ध को देखने के लिये दूर-दूर से रामभक्त युद्ध मैदान में आते हैं ऐतिहासिक कुप्पी युद्ध के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई थी

## भारी बारिश के बाद भी राम रावण युद्ध देखने को उमड़ पड़ी जनता

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा श्री रामलीला मेला दंगल कमेटी के तत्वावधान में राम रावण युद्ध देखने के लिए जनता उम्र पड़ी है भारी बारिश के बाद भी आम जनता में उत्साह कम नहीं दिखाई पड़ा है रामदल निकालकर रावण दहन का हुआ भारी बारिश के चलते दंगल मैदान में राम और रावण का भीषण युद्ध हुआ श्री रामलीला मेला दंगल कमेटी नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा के नेतृत्व में रामदल को रथ पर सवार कराकर घोडो सहित दंगल मैदान में डीजे के साथ पहुँचाया गया तो वहीं पर रावण दल को भी डीजे बाजा गाजा के साथ युद्ध करने के लिए दंगल मैदान में पहुँचाया गया बारिश होने के बावजूद भी भारी संख्या में रावण दहन को देखने के लिए जनता उमड़ पड़ी भारी सुरक्षा व्यवस्था को मुहैया कराते हुए थानाध्यक्ष पश्चिम शरीरा भवानी सिंह के कुशल नेतृत्व में रावण दहन का कार्यक्रम हुआ कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की कोई समस्या देखने को नहीं मिली है इस कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा की श्री रामलीला मेला दंगल कमेटी के प्रमुख पदाधिकारियों में मुख्यरूप से संरक्षक-रमेश सिंह, अध्यक्ष-गंगे चौबे, महामंत्री-दिलीप पाण्डेय, मंत्री-विजय यादव, मेला प्रभारी-विपिन केशरवानी, उपाध्यक्ष-दीपेंद्र सिंह,उपाध्यक्ष-नग्गू चौबे,उपाध्यक्ष-शुभम मिश्रा,उपाध्यक्ष-ऋषि मोदनवाल ,सचिव-गुड्डू केशरवानी,आयव्यय निरीक्षक -घुन्ना तिवारी,संयोजक-लाला सिंह, सहसंयोजक-रवि तिवारी, सलाहकार-बाबा बालकदास, सदस्यगण-श्री मति आशा सिंह,अनिल गुरुजी,विनय तिवारी, सनद पाण्डेय, रामलाल यादव, दिनेश यादव,अनुज विश्वकर्मा, बसंत यादव,नटराज श्रीवास्तव, लवकुश मोदनवाल, हर्ष पाण्डेय, शिवम तिवारी,मोनू केशरवानी आदि पदाधिकारियों एवम सदस्यगणों की मौजूदगी में सभी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# मंगल कामना और आस्था के साथ मां दुर्गा की हुई विदाई



अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** दुर्गा पूजा की समाप्ति के बाद मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया,नगर पंचायत अझुवा क्षेत्र अजमतपुर, बीच का पुरवा रसूलपुर मढिया मई की 36 मूर्तियों ,9 विसर्जन स्थल सहित सहित नगर पंचायत में प्रतिस्थापित मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया श्रद्धालुओं ने मंगल कामना के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं को ससुर खदेरी नदी में विसर्जित किया है !दोपहर बाद श्रद्धालुओ ने गाजे बाजे डीजे के साथ पूजा स्थल से शोभायात्रा निकाली जो नगर पंचायत की गलियों में जयकारा लगाते रहे शोभायात्रा में हजारों नर नारी बच्चे बूढ़े नवजवान शामिल रहे ! !इस वर्ष नवमी के दिन बरसात की हल्की फुहारे पड़ रही थीं मौसम बहुत खुशनुमा था शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का इतनी बड़ी मात्रा में शामिल होना उनकी भक्ति को प्रदर्शित कर रहा था। नवरात्रि भर मां जगत जननी का गुणगान करके बुधवार को नवमी को पूजन कर कन्या भोज का आयोजन कर भक्तो ने आदि शक्ति दुर्गा मां को दशमी को विदा किया है बीती मंगलवार की रात नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नं 12 नयानगर में आयोजकों ने दुर्गा आरती के समय भक्ति मय कार्यक्रम भी करवाया आयोजकों ने शाम को भंडारे का आयोजन भी किया जिसमें नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया है ततपश्चात कथावाचक जिनका कार्यक्रम पिछले 9 दिनों से चल रहा था जिसमे नगर के भक्त सहित ग्रामीण क्षेत्रों के भक्त आकर संगीतमय भक्ति रसों का श्रवण कर माँ के पंडाल में शेरावाली का जयकारा लगाते रहे उपस्थित लोग मा के जयकारे पर झूमते रहे बीच बीच मे छोटे छोटे बच्चों बच्चियों द्वारा झांकियों एवम गरबा नृत्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। वहीं आज बुधवार दोपहर बाद

### ससुर खदेरी नदी के पास बनाये गए गड्ढों में मूर्तियों का हुआ विसर्जन

शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूरे नगर पंचायत की गलियों में घुमाते हुए ससुर खदेरी नदी में प्रतिमा विसर्जन किया है विसर्जन स्थल के पास नगर पंचायत प्रसाशन ने नगर के कर्मचारियों के सहयोग से टेंट,शुद्ध जल कुर्सी आदि की व्यवस्था कर अपनी महती भूमिका अदा की किसी तरह का हुड़दंग, अप्रिय घटनाओं को रोंकने के लिए चौकी इंचार्ज अझुवा गौरव त्रिवेदी मय हमराहियों मौजूद रहे।

## बारिश के बीच दुर्गा मूर्तियों का विसर्जन भरवारी में झूमते रहे माता के भक्त



**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में नवदुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के लिए भक्त धूमधाम से भरवारी कस्बे में निकले है, माता के भक्त बारिश के दौरान भी सड़को पर झूमते दिख रहे है। विसर्जन में भक्ति गीतों की धुन पर थिरकते नाचते रंग गुलाब उड़ाते झूमते मां दुर्गा के भक्त जा रहे थे। इस दौरान कोखराज थाना की पुलिस भरवारी चौकी इंचार्ज सिया कांत चौरसिया और पुलिस फोर्स व रेलवे आरपीएफ इंचार्ज सुरेंदर व रेलवे पुलिस भी मुस्तैद रही। नगर पालिका परिषद भरवारी में विसर्जन के दौरान जगह-जगह प्रसाद का वितरण हुआ नगर पालिका परिषद भरवारी में मूर्तियों का विसर्जन बड़ी कुष्टी गौरा तालाब में किया गया नगर पालिका अधिशासी अधिकारी गिरीश चंद, बबलू गौतम और संजय गुप्ता, नगर प्रशासन के कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

### झमाझम बारिस से खुशनुमा हुआ विसर्जन का माहौल

**कौशाम्बी।** हवन पूजन के बाद विसर्जन के लिये वाहनों पर सवार हो कर माँ भवानी की मूर्तियां विसर्जन के लिए भक्त निर्धारित स्थान पर लेकर गए इस बीच झमाझम बारिश होती रही। भक्ति गीतों की धुन पर नाचते हुए मां का विसर्जन करने श्रद्धालु भक्त विसर्जन स्थल पर पहुंचे और विधि विधान से भवानी मां का विसर्जन किया बारिस के साथ मौसम सुहाना हुआ बारिश के बाद भी विसर्जन के दौरान माता के भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिला है।

### मूरतगंज पक्का तालाब में हो रही मूर्ति विसर्जन का एसपी डीएम ने किया निरीक्षण



**कौशाम्बी।** दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जित करने को लेकर मूरतगंज पक्का तालाब में सुरक्षित स्थान पर विसर्जित करने की योजना बनाई गई थी। जिला प्रशासन ने क्षेत्र के मूर्ति स्थापना करने वाले भक्त गणों से शांति व्यवस्था के साथ मूर्ति विसर्जन करने का आदेश जारी किया था। दशहरा के अवसर पर पक्का तालाब मूरतगंज में मूर्ति विसर्जन का एसपी डीएम ने निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा चायल अतिरिक्त सीओ अवधेश कुमार विश्वकर्मा व एसडीएम चायल के साथ मूर्ति विसर्जन पक्का तालाब मूरतगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने दुर्गा प्रतिमा की मूर्ति विसर्जन करने वाले क्षेत्र के लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया। उन्होंने कहा कि दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए मूरतगंज पक्का तालाब सुरक्षित किया गया है। इससे किसी भी मूर्ति स्थापना करने वाले भक्तों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं कोखराज एच एसो तेजबहादुर सिंह चंदेल फोर्स बल के साथ मौजूद रहे

### नम आंखों से हुई माता रानी की विदाई



**कौशाम्बी।** नवरात्रि में जगह जगह पर भक्तों के द्वारा नवदुर्गा प्रतिमा को स्थापित करके नौ दिन पूजा, अर्चना, भजन, कीर्तन आदि करने के बाद बुधवार को दशहरा में माता रानी का विसर्जन किया गया जिसमें सभी भक्तों की आंखें पूरी तरह से नम हो गई। मूर्ति विसर्जन में डीजे बजाने पर प्रशासन ने पूरी तरह से प्रतिबंध किया था। जानकारी के मुताबिक करारी क्षेत्र के महेन्द्र गांव में भी ग्रामीणों के द्वारा तीन जगह पर माता रानी की प्रतिमा को स्थापित किया गया था जिसमें लगातार नौ दिन पूरे गांव में भक्ति की बयार बह रही थी सभी जगह पर छोटे बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम का आयोजन करके लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया जिसमें बच्चों ने खूब वाहवाही भी लूटी थी बुधवार को जब लोगों ने माता रानी की प्रतिमा का विसर्जन किया लोगों की आंखों में आंसू छलक गए सभी लोगों ने दुःखी दिल से माता का विसर्जन किया। मूर्ति विसर्जन में किसी प्रकार की अनहोनी घटना न घटित होने पाए इसके लिए प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए कोई कोर कसर नहीं छोड़ा गया प्रत्येक जगह पर पुलिस मुस्तैद रही।

# चित्रकूट - खेल संदेश

## फटाफट खबरें

### भ्रष्टाचार टालरेंस को नोडल अधिकारी नियुक्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम मंडल आयुक्त ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन के पुलिस अधीक्षक के पत्र के हवाले से भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति के तहत शासन के निदेशों का पालन कराने के निर्देश दिये है।

गुरुवार को निदेशों का अनुपालन कराने को जिला मजिस्टेज्ट अभिषेक आनन्द ने मोबाइल नम्बर समेत नोडल अधिकारी नामित कर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने तहसील स्तर पर तहसील कर्वी में एसडीएम 9454415959, राजापुर एसडीएम 9454415962, मानिकपुर एसडीएम 9454415961, मऊ एसडीएम 9454415960 को नामित किया है। ये जानकारी एडीएम कुंवर बहादुर सिंह ने दी।

### मानिकपुर में बारिश ने जलभराव से बढाई परेशानी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर में गुरुवार को देर शाम शुरू हुई जोरदार बारिश से जगह-जगह जलभराव होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। आसपास के नदी-नाले उफना गये हैं।

गुरुवार को मानिकपुर के गांधीनगर, रेलवे डाट पुल के पास रोड में पानी भरा होने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। जिला मुख्यालय समेत मानिकपुर कस्बे और आसपास क्षेत्र में बुधवार की शाम पांच बजे से जोरदार बारिश होने से कस्बे की गलियों से लेकर सडकों में लबालब पानी भर गया। नालियों की सफाई न होने से बारिश का पानी सडकों पर भर गया। पानी निकासी न होने से लोगों की दुकानों व घरों में पानी भरने लगा।

मानिकपुर कस्बे में जल निकासी का सही इंतजाम न होने से रेलवे डाट पुल के पास रहने वाले लोगों के घरों में पानी घुसने से गृहस्थी का सामान बर्बाद हो गया। कस्बे के गांधीनगर, बाल्मीकिनगर पूर्वी, सुभाषनगर आदि मोहल्लों के लोगों के घरों के अन्दर सडक से एक फिट तक पानी बह रहा है। कस्बे में रेलवे पुल पिछले कई माह से निमार्णाधीन है। इससे नाले से होने वाली जल निकासी भी बाधित है।

### रामघाट में नदी में डूबने से महिला की हुई मृत्यु

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीतापुर पुलिस चौकी क्षेत्र के रामघाट में एक विवाहिता की मन्दाकिनी नदी में डूबने से मृत्यु हो गई। नाविकों ने शव को नदी से निकालकर घाट पर रखा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर महिला की शिनाख्त कराई है।

ये हादसा बुधवार को सवेरे साढे पांच बजे हुआ। बताया गया कि राजापुर थाना क्षेत्र के रामलीला मैदान कस्बे की श्रीमती उर्मिला केशरवानी (35) पत्नी सुनील रामघाट स्थित मन्दाकिनी नदी में नहाने के दौरान बह गई। डूबने से उसकी मृत्यु होने पर नाविकों ने शव को नदी से बाहर निकाला।

पुलिस ने शव की शिनाख्त मृतका के भाई विनोद पुत्र नत्थू केशरवानी व संतोष केशरवानी से करवाई। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मोर्चरी भेजा गया है

### रावण दहन के बाद धूमधाम से मना दशहरा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रावण दहन की खुशियां पूरे देश में मनाई जा रही है। भगवान राम की तपस्थली के चलते यहां के दशहरे की अलग ही ख्याति है। रावण दहन के बाद लोगों ने गले मिलकर दशहरा पर्व मनाया। बुधवार को जिला मुख्यालय के धुस मैदान में सबसे पुरानी रामलीला में रावण दहन का मंचन हुआ। इस मंचन में रावण वध को लेकर रामलीला मैदान में सूर्यास्त होते ही रावण का अंत भगवान राम के बाणों से हुआ। ये मंचन देखने को तकरीबन दस हजार लोग धुस मैदान परिसर में एकत्र हुए। बुराई का अंत और सच्चाई की जीत का जश्न लोगों ने गले मिलकर मनाया। माना जाता है कि ये रामलीला सैकड़ों वर्ष पुरानी है। चित्रकूट के घाट पर गोस्वामी तुलसीदास को अपने अराध्य भगवान राम के दर्शन हुए थे। इसके बाद उन्होंने श्रीरामचरितमानस लिखा था। सरल भाषा में लोगों ने रामायण को जाना। सबसे पहले रामलीला का मंचन चित्रकूट और काशी में हुआ। तब से आज तक लीला मंचन किया जाता है। खासतौर पर 30 फुट का रावण दहन को बनाया गया था। इस रावण दहन को देखने को हजारों की भीड उमड़ी। रावण दहन अहंकार को छोड़ प्रभु राम के मार्ग पर चलने की सीख है। रावण दहन दौरान बारिश ने श्रद्धालुओं का मजा किरकिरा कर दिया।

## दीपावली पर ट्रांसफार्मर बढ़ाये विद्युत विभागः डीएम



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि झटपट पोर्टल से विद्यालयों में कायाकल्प के तहत बरगढ स्थित औद्योगिक सेटर में वरुण ववेज व अन्य कम्पनियों को जल्द सप्लाई करायें।

गुरुवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अभिषेक आनन्द ने राजकीय सापेक्ष में राजस्व प्राप्ति, बिलिंग, नम्बर पेड कंज्यूमर, राजस्व वसूली, रेडपोर्टल, ट्रांसफार्मर आदि बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि बांदा डिवीजन व दक्षिणांचल के प्रारुप का टोटल करें। अधिशाषी अभियंता से कहा कि राजापुर में बिलिंग की समस्या की जानकारी लें। मीटर रीडिंग स्टाफ को बुलाकर हर माह तीन बार बैठक कर बतायें कि किस क्षेत्र में कमी है। जनप्रतिनिधियों के पास शिकायत नहीं आनी चाहिए। नेवर पेड कंज्यूमर के तहत कहा कि कंज्यूमर बीस/30 फीसदी जमा कर रहे हैं तो सौ फीसदी के चक्कर में न रहें। आरसी वसूली नम्बर मंगाकर मिलान करायें। विद्युत चोरी रोकने को राजस्व वसूली बढायें।

उन्होंने अधिशाषी अभियंता से कहा कि बडे कंज्यूमर के पास जाकर जमा करायें। एसडीएम और प्रधानों से मिलकर कैम्प लगायें। जिस गांव में ज्यादा बकाया है, उस गांव को चिन्हित कर अगली बैठक में बतायें कि इस गांव गये थे। ट्रांसफार्मर के संदर्भ में कहा कि ट्रांसफार्मर रिप्लेस टाइमलाइन के तहत होना चाहिए। दीपावली के मौके पर ट्रांसफार्मर बढायें। बैठक में एडीएम वित्त कुंवर बहादुर सिंह, अधीक्षण अभियंता बृजेश कुमार, एक्सईएन राजापुर केके वर्मा, एक्सईन कर्वी आरएस वर्मा, एसएचओ विजलेंस सुरेन्द्र सिंह व संबंधित एसडीओ मौजूद रहे।

## प्रसूता की मौत पर जिला अस्पताल में हंगामा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला अस्पताल में प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर व नर्स पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। प्रसूता के साथ नवजात शिशु की भी मौत हो गई। हंगामे की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोषियों पर कार्यवाही का भरोसा देकर हंगामा शान्त कराया। बुधवार रात आठ बजे कालूपुर के अजय कुमार ने अपनी 24 वर्षीय पत्नी अश्वनी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अजय ने आरोप लगाया कि आपरेशन के नाम पर डॉक्टरों ने अनजान व्यक्ति से 12 हजार रुपये की रिश्वत ली। इसके बाद भी कोई देखभाल नहीं की। परिजनों के आरोप हैं कि डॉक्टर व नर्स ने प्रसूता का प्रसव सही ढंग से नहीं कराया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। हंगामा कर रहे परिजनों ने डॉक्टरों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीएम राजबहादुर व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने परिजनों को समझा-बुझाकर हंगामा शान्त कराया। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कुछ बोलने से मना करते रहे। एसडीएम राजबहादुर ने कहा कि परिजनों की तहरीर पर जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

### तालाबों पर तैनात रहा भारी पुलिस बल-शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ दुर्गा विसर्जन

## नम आंखों से देवी भक्तों ने दुर्गा प्रतिमाओं का किया विसर्जन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नौ दिनों तक जिले में मां दुर्गे की प्रतिमा की तन-मन-धन से सेवा करने वाले लाखों भक्तों ने नम आंखों से हल्की-फुल्की नोंक-झोंक व मामूली विवाद के बीच मां को अंतिम विदाई दी। जिले के सभी तालाबों व नदी घाटों किनारे गड्ढ़े में दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन विधि-विधान व पूजा-पाठ कक साथ किया गया। प्रशासन ने सुरक्षा कक चौकस इंतजाम किये थे।

गुरुवार को शारदीय नवरात्र में नौ दिनों तक जिले कक चारों ओर मां दुर्गा पूजा के गीत-संगीत से सराबोर शहर में देवी भक्तों ने अबीर-गुलाल व जय माता दी के नारे लगाते हुये देवी प्रतिमाओं का विसर्जन करने को तालाबों व चिन्हित स्थानों की ओर गये। भक्तों में गजब का उत्साह देखा गया। दुर्गा पूजा समितियों के आयोजक सवेरे से विसर्जन की तैयारी में जुटे थे। सभी मोहल्लो में सजी देवी प्रतिमाओं की महाआरती की गई। इसमें महिलाओं व बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसके बाद कमेटी के सदस्यों ने धूमधाम से अबीर-गुलाल की बौछार की। देवीगीतों की धुन पर नाचते-झूमते तालाबों की ओर निकले। ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालु ट्रैक्टर में देवी मूर्ति रखकर लाये थे। ट्रेक्टरों में परम्परागत गीत-संगीत चलता रहा।

अपरान्ह एक बजे से तालाबों व नदी घाटों कक किनारे शुरू विसर्जन देर रात तक चला। श्रद्धालुओं ने राणन तालाब, रानीपुर भट्ट, दुगार्दास तालाब,



शिवशंकर तालाब बनकट समेत जिले के चिन्हित एक सैकड़ा से अधिक तालाबों में मूर्ति विसर्जन कराया। विसर्जन जुलूस में अबीर-गुलाल फक्कने पर कई स्थानों पर नोंक-झोंक हुई। मामूली विवाद भी हुये, लेकिन मोर्च पर पुलिस ने पहुंचकर स्थिति संभाल ली। तालाबों में डटे श्रद्धालुओं की भीड़ ने नम आंखों से मां दुर्गे को अंतिम विदाई दी। भक्तों ने नाव में रखकर मूर्ति को प्रवाहित किया। मूर्ति विसर्जित होते ही भक्तों की आंखें छलछला उठीं। जयकारा करते हुये भक्त अगले बरस नवरात्र पर्व जल्द आने की कामना लेकर वापस आये।

मानिकपुर, पहाड़ी, मऊ, लालतारोड, राजापुर, सीतापुर प्रतिनिधि के अनुसार, मानिकपुर में भरोसा सिंह सागर में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से हुआ। विसर्जन कक दच्व्रान पहले मैं व तू को लेकर नोंक-झोंक व तीखी बहस के बीच शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। पहाड़ी कक कुछ दुर्गा समितियों के लोगों ने अलग-अलग तालाबों पर विसर्जन किया। राजापुर व मऊ में भी देवी प्रतिमायें विसर्जित की गईं।

**फिल्मी गीतों में थिरकते रहे देवी भक्त**

चित्रकूट। मां दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन में देवीगीत के अलावा कई घण्टों तक फिल्मी व फूहड़ गीतों की बहार रही। अबीर-गुलाल में नहाये युवक शराब पीकर पूरे रास्ते हुड़दंगबाजी करते देखे गये। फिल्मी गीतों पर शराब कक नशे में धुत्त युवक सडकों पर नाचते रहे। इन्हे देखकर लोगों के मुंह से निकला कि यही असली देवी भक्त हैं।

**मन मसोस कर रह गये आयोजक**


चित्रकूट जिले की किसी भी नदी में इस वर्ष दुर्गा देवी प्रतिमाओं के विसर्जन पर सख्ती से हाईकोर्ट कक रोक लगाने के आदेश का पालन कराने को डीएम व एसपी का रवैया खासा कड़ा रहा। इसके चलते प्रतिवर्ष की भांति नदी में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन कर नदी में प्रदूषण फैलाने वाले आयोजकों को मन मसोस कर रह जाना पड़ा। हालांकि कुछ देवी प्रतिमाओं कक आयोजक मंदाकिनी व अन्य नदियों में विसर्जन का मन बनाये रहे।

## बुमराह का तंज- कुत्ते के भौंकने पर रुकेंगे, तो मंजिल तक नहीं पहुंच पाएंगे

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी आईसीसी टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद भारत को दूसरा टी20 विश्व कप खिताब हासिल करने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज को पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। सोशल मीडिया पर बुमराह की खूब आलोचना होने लगी। कमेंट्स आने लगे कि वे सिर्फ आईपीएल ही खेलने के लायक हैं। ऐसे में बुमराह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए अपने आलोचकों पर रहस्यमयी शब्दों के साथ तंज कसा।

जसप्रीत बुमराह ने चोट की चिंता के कारण भारत के एशिया कप अभियान में हिस्सा नहीं लिया और पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20आई सीरीज में ही क्रिकेट में वापसी की। लेकिन पेसर को पीठ की छोटी सी समस्या के कारण साउथ अफ्रीका






के खिलाफ पहले टी20आई से बाहर कर दिया गया था। बाद में यह पता चला कि चोट पहले की तुलना में कहीं अधिक गंभीर थी, जिससे उन्हें टी20 विश्व कप से बाहर कर दिया गया। बुमराह के बाहर होने की खबर सामने आने के बाद इंटरनेट पर मीम्स बनना शुरू हो गए। कई प्रशंसकों ने भारतीय क्रिकेटर की राष्ट्रीय टीम के प्रति प्रतिबद्धता की आलोचना की और उन्हें सिर्फ एक फ्रेंचाइजी खिलाड़ी करार दिया। गेंदबाजी के दिग्गज ने विंस्टन चर्चिल के एक प्रसिद्ध संदेश के माध्यम से अपने आलोचकों पर कटाक्ष करते हुए इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट की। बुमराह ने जो पोस्ट शेयर की उसपर लिखा था, 'अगर आप हर कुत्ते के भौंकने पर रुकेंगे और पत्थर फेंकेंगे तो आप अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच पाएंगे।'

इससे पहले भारतीय तेज गेंदबाज ने इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी मेगा इवेंट से बाहर होने पर अपनी निराशा साझा की थी।

एशिया कप में जल्दी बाहर होने के बाद से भारतीय गेंदबाजी काफी दबाव में है और बुमराह की चोट ने उनकी परेशानी को और बढ़ा दिया है। बुमराह ने टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद ट्वीट किया था, 'मैं इस बात से दुखी हूं कि मैं इस बार टी20 विश्व कप का हिस्सा नहीं बनूंगा, लेकिन मुझे अपने प्रियजनों से मिली शुभकामनाओं, देखभाल और समर्थन के लिए आभारी हूं।'

## राष्ट्रीय खेल : ऋतिका श्रीराम ने गोताखोरी में दूसरा गोल्ड जीता

**राजकोट।** महाराष्ट्र की ऋतिका श्रीराम ने यहां सरदार पटेल एक्वेटिक्स कॉम्प्लेक्स में महिलाओं की 10 मीटर प्लेटफॉर्म स्पर्धा जीतकर राष्ट्रीय खेल डाइविंग प्रतियोगिता में गोल्डन हैट्रिक दोहराने की राह पर खुद को बनाए रखा है। यह तीन दिनों में उनका दूसरा स्वर्ण है और राष्ट्रीय खेलों के चार संस्करणों में उनका 10वां ताज है। सोलापुर की रहने वाली गोताखोर ऋतिका अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं थी, लेकिन उन्होंने खिताब हासिल करने के लिए अधिकतम 179.30 अंक हासिल किए। पलक शर्मा (मध्य प्रदेश) ने 175.10 अंकों के साथ रजत और ईशा वाघमारे (महाराष्ट्र) ने 172.35 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। तीनों ने 48 घंटे पहले 3रूस्प्रिंगबोर्ड प्रतियोगिता में इसी क्रम में समाप्त किया था।

इस बीच, अहमदाबाद में रिवरफ्रंट स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कॉम्प्लेक्स में गुजरात की टेनिस खिलाड़ी जील देसाई ने अनुभवी



अंकिता रैना की अनुपस्थिति का फायदा उठाते हुए अपने राज्य को महिला एकल स्वर्ण बरकरार रखने में मदद की। तीसरी वरीयता प्राप्त ज़ील कर्नाटक की शर्मदा बालू के खिलाफ 6-2, 3-2 से आगे चल रही थी, जब शर्मादा के टखने की चोट के कारण मैच हार गईं। जील का दबदबा साफ दिखाई दिया, जब उन्होंने अपने शानदार ग्राउंड स्ट्रोक की बदौलत शुरुआती सेट आसानी से जीत लिया। शर्मादा बालू ने दूसरे सेट के पहले दो गेम जीतकर उन्हें दबाव में लाने में कामयाबी हासिल की, लेकिन स्थानीय खिलाड़ी ने तीसरे सेट में जल्दी ही ब्रेक हासिल कर लिया। तमिलनाडु के मनीष सुरेश कुमार को भी विपक्षी खिलाड़ी की शारीरिक परेशानी और पसली में दर्द से फायदा हुआ। महाराष्ट्र के अर्जुन काधे ने शुरुआती सेट में जीत लिया था। दूसरे सेट में अर्जुन को पसली में दर्द हुआ और उन्हें मेडिकल टाइम-आउट लेने पड़ा। उसके बाद वह उसी लय को कायम नहीं रख सके और मनीष सुरेश कुमार ने मौके का फायदा उठाते हुए 2-6, 6-1, 6-3 से जीत दर्ज की।

वापस राजकोट में, आज दो नेशनल गेम्स रिकॉर्ड टूटे क्योंकि भारतीय तैराकी में सबसे बड़े नाम तरणताल में फिर से लहरों पर सवार होकर सबसे आगे निकल गए। पहले दिन महिलाओं की 100 मीटर बटरफ्लाई में रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीत चुकीं असम की आस्था चौधरी ने 200 मीटर बटरफ्लाई की हीट में 2:21.52 का समय निकाल करके ऋचा मिश्रा के 2:21.66 के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। पंजाब की चाहत अरोड़ा ने भी एवी जयवीना (तमिलनाडु) द्वारा कायम किए गए 34.43 सेकेंड के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए महिलाओं की 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में 33.17 सेकेंड लेकर नया कीर्तिमान बनाया। चाहत ने दूसरे दिन 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में रजत पदक जीता था।

## एएफसी एशियाई कप 2023 के अंत तक भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे इगोर स्टिमैक

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष सीनियर राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक एएफसी एशियाई कप-2023 के अंत तक अपने पद पर बने रहेंगे। उन्होंने नई दिल्ली में फुटबॉल हाउस में अपने अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किया। अनुबंध का विस्तार करने के निर्णय की सिफारिश पिछले महीने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने की थी, और बाद में कार्यकारी समिति ने पिछले महीने कोलकाता में अपनी संबंधित बैठकों में इसकी पुष्टि की थी। कार्यकारी समिति ने तकनीकी समिति की सिफारिशों को भी स्वीकार कर लिया कि भारत को एशियन कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर कोच का अनुबंध स्वतः नवीनीकृत हो जाना चाहिए। अनुबंध विस्तार पर कोच स्टिमैक ने कहा, मैं बेहद खुश हूं कि एआईएफएफ ने हमारी प्रक्रिया पर भरोसा किया है। हमने क्वालीफायर में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम एशियाई कप तक खुद को तैयार करते रहें और अच्छा प्रदर्शन करें।

क्रोएशिया के 55 वर्षीय खिलाड़ी 2019 से ब्लू टाइगर्स के प्रभारी हैं और उन्होंने इस साल की शुरुआत में लगातार दूसरी बार एएफसी एशियाई कप क्वालीफाई करने के लिए टीम का मार्गदर्शन किया है। एआईएफएफ के महासचिव डॉ शाजी प्रभाकरन ने कहा, एआईएफएफ में नई टीम राष्ट्रीय टीम के लिए आगे की गति देखना चाहेगी और हम विशेष रूप से वरिष्ठ राष्ट्रीय टीम के लिए एक नई योजना विकसित करके इसे नए सिरे से बनाने के लिए दृढ़ हैं। महासचिव ने बताया कि फेडरेशन मुख्य कोच, सहयोगी स्टाफ, खिलाड़ियों और क्लबों के साथ मिलकर काम करेगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सीनियर राष्ट्रीय टीम के माध्यम से भारतीय फुटबॉल के लिए सकारात्मक परिदृश्य तैयार किया जा सके। डॉ प्रभाकरन ने कहा, इगोर स्टिमैक को हमारी शुभकामनाएं और हमें विश्वास है कि वह अपने विशाल अनुभव और कड़ी मेहनत के साथ भारतीय राष्ट्रीय टीम को एक नए स्तर पर ले जाएंगे।

# अमेरिका के कैलिफोर्निया से अपहृत चारों भारतवंशियों की हत्या

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के मर्सिड शहर से अपहृत चारों भारतवंशियों की हत्या कर दी गयी है। चारों के शव एक बगीचे में पाए गए हैं।

जानकारी के अनुसार अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के मर्सिड शहर में दोस्तों सहित चार भारतवंशियों का अपहरण कर लिया गया। मर्सिड काउंटी के शेरिफ कार्यालय की ओर से जानकारी दी गयी थी कि जसदीप सिंह (36 साल), उनकी पत्नी जसलीन कौर (27 साल) और उनकी आठ माह की बच्ची आरुही का अपहरण किया गया था। उनके साथ जसदीप के 39 वर्षीय मित्र अमनदीप सिंह का भी अपहरण किया गया था।

मर्सिड स्थित दक्षिण राजमार्ग 59 के ब्लॉक- 800 स्थित एक व्यावसायिक संस्थान के पास ये चारों भारतवंशी मौजूद थे।





अचानक वहां हथियारों से लैस अपहर्ता पहुंचे और हथियारों के बल पर चारों भारतवंशियों का अपहरण कर लिया। घटनास्थल के पास कई दुकानें एवं रेस्टोरेंट हैं, किंतु अपहर्ता डंके की चोट पर चारों का अपहरण कर हथियार लहराते हुए चले गए।पुलिस इन अपहृतों को ढूंढ़ने की कोशिश कर रही थी। इस मामले में एक यीशु मैनुअल सालगाडो नामक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया था। मूल रूप से भारतीय राज्य पंजाब के होशियारपुर के हरसी पिंड के रहने वाले अपहृत परिवार की कार पुलिस को जली हुई हालत में मिली थी। अपहृतों में से एक के बैंक के एटीएम कार्ड का इस्तेमाल मर्सिड काउंटी क्षेत्र में किये जान के बाद ही अपहरण की पुष्टि हुई थी।

मर्सिड काउंटी के शेरिफ कार्यालय ने बताया कि जांचकर्ताओं ने बैंक के एटीएम से पैसा निकालने वाले व्यक्ति की निगरानी करते हुए उसकी तस्वीर प्राप्त की थी। यह व्यक्ति अपहर्ता की तस्वीर से मिलती-जुलती शक्ल का था। उसकी तस्वीर के मिलान के बाद ही संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया।

इस बीच एक बगीचे में चारों अपहृतों के शव मिलने से हड़कंप मच गया। चारों की नृशंस हत्या कर शव बगीचे में फेंक दिये गए।

# थाईलैंड के चाइल्ड केयर सेंटर में शूटिंग: 22 बच्चों समेत 31 की मौत

**नोंग बुआ लाम्फू प्रांत।** थाईलैंड के पूर्वोत्तर प्रांत में एक बाल देखभाल केंद्र में सामूहिक गोलीबारी में कम से कम 34 लोग मारे गए हैं। मृतकों में कुल 22 बच्चे और 12 व्यस्क शामिल हैं। राष्ट्रीय पुलिस के प्रवक्ता अचयों क्रैथोंग के अनुसार यह घटना नोंग बुआ लाम्फू प्रांत की है। मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि 34 लोगों की हत्या करने के बाद हमलावर ने अपने बच्चे और पत्नी को भी गोली मार दी और उसके बाद खुद को गोली मार ली। सभी की मौके पर ही जान चली गई। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने पुलिस प्रवक्ता के हवाले से इसकी जानकारी दी है।

**पूर्व पुलिस अधिकारी ने दिया घटना को अंजाम**

न्यूज एजेंसी के मुताबिक इस क्रूर घटना को अंजाम देने वाला अपराधी एक पूर्व पुलिस अधिकारी है। उसे कुछ समय पहले ही नौकरी से बाहर कर दिया था। घटना के बाद वहां चीख पुकार मच गई है। आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। कई लोग आश्रय लेने के लिए सुरक्षित स्थान पर चले गए हैं।

**इससे पहले थाईलैंड में 2020 में हुई थी मास शूटिंग**



इससे पहले थाईलैंड में ऐसी ही सामूहिक गोलीबारी साल 2020 में हुई थी जिसमें संपत्ति सौदे से नाराज एक सैनिक ने क 29 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस वारदात में 57 लोग घायल हुए थे जो चारों स्थानों पर फैले हुए थे।

**थाईलैंड में लाइसेंसधारी बंदूकों की संख्या बहुत अधिक**



बताया जा रहा है कि थाईलैंड में लाइसेंसधारी बंदूकों की संख्या अन्य देशों की तुलना में अधिक है, लेकिन आधिकारिक आंकड़ों में बड़ी संख्या में अवैध हथियार शामिल नहीं हैं।

# न्यूजीलैंड में भारतीय मूल की मंत्री प्रियंका राधाकृष्णन से विदेश मंत्री जयशंकर ने की मुलाकात

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड के अपने पहले आधिकारिक दौरे पर आकलैंड पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारतीय मूल की मंत्री प्रियंका राधाकृष्णन से मुलाकात की। जयशंकर ने भारतीय छात्रा और भारतीय समुदाय के कई प्रतिष्ठित लोगों से भी मुलाकात की।

कम्युनिटी एंड एथनिक कम्युनिटीज की मंत्री प्रियंका न्यूजीलैंड में पहली भारतीय मूल की मंत्री हैं। भारत में जन्मीं प्रियंका की नियुक्ति नवंबर, 2020 प्रधानमंत्री जैसिंडा एड्रेन की कैबिनेट में हुई थी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस मुलाकात की जानकारी ट्वीट करके दी। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा कि आकलैंड में मंत्री प्रियंका से मुलाकात अच्छी रही। न्यूजीलैंड की नामचीन हस्तियों के साथ उनके परस्पर संवाद के लिए धन्यवाद। भारत आगे भी बेहतर संबंधों के लिए भारत प्रतिबद्ध है। न्यूजीलैंड दौरे में जयशंकर ने प्रियंका राधाकृष्णन के अलावा कुछ सांसदों, व्यापारिक समुदाय के लोगों और भारतीय छात्रों समेत भारतीय समुदाय के प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात की। आकलैंड में विदेश मंत्री जयशंकर



गुरुवार 6 अक्टूबर को प्रधानमंत्री जैसिंडा एड्रेन से मिलकर भारतीय समुदाय के लोगों की सहूलियत पर चर्चा करेंगे। इस अवसर पर दोनों नेता भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने पर एक डाक टिकट भी जारी करेंगे।

इस पहले, ही जयशंकर ने फिनलैंड के विदेश मंत्री पेक्का हाविस्तो से फोन पर बातचीत की है। उन्होंने ट्वीट करके बताया कि दोनों नेताओं ने नजदीकी साझेदारी के लिए विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की है। विदेश मंत्री यहां पर 'मोदी:20: ड्रीम्स मीट डिलीवरी' पुस्तक का विमोचन करेंगे। सिख समुदाय के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष संबंध को प्रदर्शित करने वाली पुस्तक 'हार्टफेल्ट - द लिगेसी ऑफ फेथ' को जारी किया जाएगा। जयशंकर न्यूजीलैंड के साथ संबंधों के संपूर्ण पहलुओं पर चर्चा और समीक्षा करने के लिए आकलैंड में न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री नानैया महूता के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। वह कई मंत्रियों से भी बातचीत करेंगे। वेलिंग्टन में वे भारतीय उच्चायोग के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे।

## पुतिन की धमकियों के बढ़ते डर के बीच पोलैंड ने अमेरिका से मांगे परमाणु हथियार

**वाशिंगटन/वारसा।** यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध के बीच यूरोपीय देश पोलैंड ने अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका से परमाणु हथियारों की मांग की है। पोलैंड ने आशंका जताई है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन की हमलावर सेना का सफाया करने के लिए परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकते हैं। पोलैंड के राष्ट्रपति डूडा की परमाणु हथियारों की मांग इस संकेत का ताजा उदाहरण है कि अमेरिका और उसके सहयोगी युद्ध में परमाणु के उपयोग को रोकना चाहते हैं।



डूडा की यह टिप्पणी रूस द्वारा पड़ोसी बेलारूस में परमाणु हथियारों में अनुमति देने के बाद आई है। पोलिश राष्ट्रपति ने कहा कि पोलैंड के लिए परमाणु साझाकरण कार्यक्रम में शामिल होने का यह एक अवसर है। जिसके तहत अमेरिका पोलैंड को परमाणु बम की तकनीक हस्तांतरण के साथ प्रशिक्षण का अवसर दे सकता है। पोलैंड में अमेरिकी परमाणु हथियारों को ले जाना परमाणु अप्रसार संधि और 1997 में नाटो-रूस संस्थापक अधिनियम का उल्लंघन का मामला सामने आ सकता है।

## अमेरिका के इंडियाना प्रांत में भारतीय छात्र की हत्या, कोरियाई साथी गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीयों पर हमले और उनकी हत्याएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। कैलिफोर्निया में चार भारतवंशियों का अपहरण करके हत्या किये जाने के बाद अब इंडियाना प्रांत के एक विश्वविद्यालय परिसर में भारतीय छात्र की हत्या कर दी गयी है। पुलिस ने छात्र के कोरियाई साथी को गिरफ्तार किया है। पर्ड्यू विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले वरुण मनीष छेदा का शव विश्वविद्यालय के पश्चिमी हिस्से में बने छात्रावास में मिला। वह विश्वविद्यालय में डेटा साइंसेज की पढ़ाई कर रहा था। विश्वविद्यालय के पुलिस प्रमुख लेस्ली वियते के मुताबिक छेदा की हत्या मैककचियन छात्रावास की पहली मंजिल के एक कमरे में हुई। पुलिस प्रमुख के अनुसार हत्या अकारण और बेहूदा हमले का परिणाम है।



उन्होंने बताया कि हत्या के आरोप में 22 साल के कोरियाई छात्र जिमी शा को गिरफ्तार किया गया है। जिमी शा छात्रावास में मनीष छेदा के साथ ही रहता था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार छेदा की मौत कई चोटों की वजह से हुई है। गिरफ्तार किए गए छात्र जिमी शा से पूछताछ की जा रही है। उसने ही देर रात पौने एक बजे आपातकालीन नंबर पर फोन करके पुलिस को वरुण की मौत की जानकारी दी थी। विश्वविद्यालय के अध्यक्ष मिच डेनियल्स ने वरुण मनीष छेदा की मौत को दुखद करार दिया है।

# ईरान में हिजाब विरोध के समर्थन में यूरोपीय सांसद व आस्कर विजेता अभिनेत्रियों ने काटे अपने बाल

**ब्रसेल्स/पेरिस।** ईरान में हिजाब के विरोध में उतरीं वहां की महिलाओं को वैश्विक समर्थन मिल रहा है। ताजा घटनाक्रम में एक यूरोपीय सांसद और आस्कर विजेता अभिनेत्रियों ने अपने बाल काटकर वीडियो शेयर कर विरोध जताया और आंदोलन कर रहीं ईरानी महिलाओं को अपना समर्थन दिया है।

स्ट्रासबर्ग में यूरोपीय संघ की डिबेट को संबोधित करते हुए स्वीडिश राजनेता अबीर अल सहलानी ने संसद में बहस के दौरान अपने बाल काट लिए और कहा कि हम लोग और यूरोपीय संघ के नागरिक, ईरान में पुरुषों और महिलाओं के खिलाफ सभी प्रकार की हिंसा को बिना शर्त और तत्काल रोकने की मांग करते हैं। जब तक ईरान की महिलाएं स्वतंत्र नहीं होंगी, हम आपके साथ खड़े रहेंगे। अबीर अल सहलानी ने इस दौरान यूरोपीय संघ के सांसदों के सामने कैंची से अपने बाल काट दिए और कहा कि ईरान में मुल्लाओं की हुकूमत के हाथ खून से सने हैं। उनकी इस हरकत को देख सभी सांसद भी अवाक रह गए। अल सहलानी ने इस घटना का वीडियो अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किया है।





इसके अलावा आस्कर विजेता फ्रेंच अभिनेत्रियों जुलिएट बिनोचे, मैरिअन कोटिलर्ड समेत 50 से अधिक फ्रांसीसी महिला कलाकारों ने प्रतीकात्मक रूप से अपने बाल काटकर ईरान के हिजाब विरोधी आंदोलन का समर्थन किया है। महिलाओं की आबादी का समर्थन करने की बात कहते हुए जुलिएट बिनोशे ने वीडियो पोस्ट किए हैं। इसमें वह कैंची से अपने सिर के बाल काटते हुए दिख रही हैं। फ्रांसीसी अभिनेत्रियां इसाबेल अदजानी, बेरेनिस बेजो, जूलियट बिनोचे, लार कैलामी, मैरियन कोटिलार्ड, जूली गेएट, शार्लोट गेन्सबर्ग, इसाबेल हुपर्ट और एलेक्जेंड्रा लैमी उन लोगों में से थीं, जिन्होंने अपने बाल काटते हुए खुद की तस्वीरें साझा कीं।

हैशटैग हेयर फॉर फ्रीडम से इस तरह के तमाम वीडियो बहुप्रसारित हो रहे हैं। वहीं, इंटरनेट मीडिया पर ईरान के स्कूली छात्राओं का वीडियो प्रसारित हो रहा है, जिसमें तानाशाह की मौत का नारा लगाते दिख रही हैं।

नॉर्वे स्थित समूह ईरान ह्यूमन राइट्स एनजीओ के अनुसार, महसा अमिनी की मौत पर देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं। ईरानी स्कूली छात्राओं और महिलाओं ने अमिनी की मौत के विरोध में अपने हिजाब को हटाकर और रैलियों का आयोजन करके बड़ी संख्या में प्रदर्शन किया है। कई महिलाओं ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए अपने बाल भी कटवा लिए हैं।

उल्लेखनीय है कि ईरान में 13 सितंबर को हिजाब न पहनने पर महसा अमीनी को इस्लामी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। विरोध करने पर इस्लामी पुलिस ने महसा को इतना पीटा कि इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद पूरे ईरान में हिजाब विरोधी हिंसा भड़क उठी थी। बड़ी संख्या में पुरुषों ने भी महिलाओं के समर्थन में प्रदर्शन किया है। ईरान के सर्वोच्च नेता खमनेई का भी विरोध किया जा रहा है। इस बीच ईरानी सरकार ने दावा किया है कि हिजाब विरोधी प्रदर्शन के पीछे अमेरिका और इजरायल समेत पश्चिमी देशों का हाथ है।

**ईरान ने ब्रिटेन के राजदूत को दूसरी बार किया तलब**

ईरान ने ब्रिटेन के राजदूत सिमन शेरक्लिफ को दूसरी बार समन जारी कर हिजाब विरोधी आंदोलन को भड़काने का आरोप लगया है। यह समन ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लीवर्ली द्वारा ईरानी प्राधिकारियों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन का सम्मान करने व गलत तरीके से हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारियों को छोड़ने के अनुरोध करने के दो दिन बाद आया है।

# तीन वैज्ञानिकों को मिलेगा इस वर्ष का रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार

**स्टॉकहोम।** शाही स्वीडिश विज्ञान अकादमी ने अमेरिका की कैरोलिन आर बर्टोजी व के बैरी शार्पलेस और डेनमार्क के मोर्टन मेल्डल को 'क्लिक केमिस्ट्री और बायोऑर्थोगोनल केमिस्ट्री के विकास के लिए' संयुक्त रूप से रसायन विज्ञान में 2022 का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की है। शाही स्वीडिश विज्ञान अकादमी ने बताया कि शार्पलेस और मेल्डल ने क्लिक केमिस्ट्री के रूप में रसायन विज्ञान के एक क्रियात्मक प्रकार की नींव रखी है, जिसमें अणु-संबंधी रचक खंड जल्दी और कुशलता से एक साथ जुड़ते हैं। बैरी शार्पलेस और मोर्टन मेल्डल ने केमेस्ट्री के फंक्शनल फार्म 'क्लिक केमेस्ट्री' की नींव रखी है। कैरोलिन बर्टोजी ने क्लिक केमिस्ट्री को एक नए आयाम पर पहुंचाया है और जीवित जीवों में इसका उपयोग करना शुरू कर दिया है। नोबेल रसायन विज्ञान समिति के सदस्य प्रो ओलोफ रामस्ट्रॉम ने बताया कि नोबेल पुरस्कार के तहत तीनों को संयुक्त रूप से स्वर्ण पदक, एक करोड़ स्वीडिश क्रोना (तकरीबन 8.20 करोड़ रूपये) की राशि दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि विश्व का सबसे प्रतिष्ठित यह पुरस्कार स्वीडन के वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल के नाम पर दिए जाते हैं।




# काबुल मस्जिद में हुए धमाके में चार की मौत, 10 घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक मस्जिद के पास हुए भीषण विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए है। मरने वालों की पुष्टि एक अस्पताल ने की है।

काबुल के राजनयिक परिसर में हुए विस्फोट के बाद आसमान में काले धुएं का गुबार दिखाई देने के साथ वहां गोलियां चलने लगीं। काबुल में इतालवी आपातकालीन अस्पताल ने कहा कि उसके अस्पताल में 14 लोग घायल अवस्था में आए, जिसमें से चार लोगों की मौत हो गई है। काबुल पुलिस प्रमुख के प्रवक्ता खालिद जादरान ने कहा कि नमाज के बाद मस्जिद से निकलने वाले नमाजियों को विस्फोट कर निशाना बनाया। गृह मंत्री के प्रवक्ता अब्दुल नफी ताकोर ने कहा कि विस्फोट मस्जिद के पास मुख्य सड़क पर हुआ। उन्होंने कहा कि कारणों की जांच की जा रही है। ताकोर ने कहा कि पुलिस की टीमें घटनास्थल पर हैं और मामले की जांच की जा रही है। अफगानिस्तान में तालिबान राज आने के बाद से ही इस्लामिक स्टेट विरोधी बनकर उभरा है। इस्लामिक स्टेट ने पूरे अफगानिस्तान में कई जगहों पर बड़े हमले किए हैं। इस आतंकी संगठन ने तालिबान को चुनौती देने के लिए सबसे ज्यादा राजधानी काबुल को निशाना बनाया है। आईएसआईएस के हमले में



सिर्फ काबुल में ही हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, तालिबान का दावा है कि अफगानिस्तान में आईएसआईएस की उपस्थिति काफी कमजोर है और वह तालिबान को चुनौती देने के काबिल नहीं है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## देश के आठ शहरों में एयरटेल की 5जी प्लस सर्विस लॉन्च

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की दूरसंचार प्रदाता कंपनी एयरटेल ने देश के आठ शहरों में 5जी प्लस सर्विस को लॉन्च कर दिया है। इन आठ शहरों में दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, सिलीगुड़ी, नागपुर और वाराणसी शामिल हैं। कंपनी ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि 2023 तक पूरे देश में 5जी सेवा का विस्तार कर दिया जाएगा।

कंपनी द्वारा जारी बयान के मुताबिक एयरटेल 5जी प्लस से हाई-डेफिनिशन वीडियो स्ट्रीमिंग, गेमिंग, मल्टीपल चैटिंग, फोटोज को तुरंत अपलोड करने जैसे काम सुपरफास्ट स्पीड से होगा।

# बांग्लादेश में ग्रिड फेल, देश के अधिकांश हिस्से में बिजली आपूर्ति सामान्य नहीं

**बिजली आपूर्ति पूरी तरह सामान्य करने में अभी लग सकते हैं कई दिन**

**ढाका।** बांग्लादेश की राष्ट्रीय बिजली ग्रिड फेल हो जाने से देश के अधिकांश हिस्सों में दूसरे दिन भी बिजली आपूर्ति सामान्य नहीं हो सकी है। मंगलवार को सभी बड़े शहरों में सात घंटे बिजली गुल रहने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। हालांकि, ग्रिड संकट दूर किया गया है किन्तु बिजली आपूर्ति पूरी तरह सामान्य करने के लिए अभी भी कोशिशें जारी हैं।



बांग्लादेश की राष्ट्रीय बिजली ग्रिड में दोपहर दो बजकर पांच मिनट पर अचानक आई खराबी से ग्रिड फेल हो गयी। इस कारण राजधानी ढाका सहित देश के प्रमुख शहरों में बिजली गुल हो गयी। पहले लोगों को लग रहा था कि शाम तक विद्युत आपूर्ति सामान्य हो जाएगी, किन्तु ऐसा नहीं हो सका। इस कारण देश के अधिकांश शहरों में अंधेरा छाया रहा। दुकानों में मोमबत्तियां जलाकर काम चलाना पड़ा। सरकारी उपक्रम बांग्लादेश विद्युत विकास बोर्ड के अधिकारियों ने कहा कि ग्रिड पर संकट होने के कारण देश के पूर्वी हिस्से में विद्युत वितरण में समस्या आई। सात घंटे बाद ग्रिड के संकट को तो दूर कर लिया गया, किन्तु आपूर्ति पूरी तरह नहीं सामान्य हो सकी। धीरे-धीरे स्थिति सामान्य की जा रही है।

बिजली विभाग के प्रवक्ता शमीम हसन ने कहा कि ढाका और अन्य बड़े शहरों में सभी बिजली संयंत्र ठप हो गए जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी खराबी के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने साफ कहा कि हालात इतने खराब हैं कि बिजली आपूर्ति पूरी तरह सामान्य करने में अभी कई दिन लग सकते हैं।

पावर ग्रिड कंपनी ऑफ बांग्लादेश की ओर से बताया गया कि देश के पूर्वी हिस्से में आपूर्ति लाइन बाधित होने से देश के 80 प्रतिशत से अधिक हिस्से की बिजली गुल हो गयी थी।

ग्रिड फेल होने से सभी बिजली संयंत्र एक के बाद एक ठप हो गए, जिससे ढाका, चटगांव, सिलहट, बरिसाल और मयमनसिंह डिवीजन में बिजली गुल हो गई थी।